


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 13 मार्च - 19 मार्च, 2024

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

फाल्गुन, पक्ष - शुक्ल, तिथि - चतुर्थी , संवत 2080 | पृष्ठ : 8 | बुधवार | वर्ष-10, अंक-3, | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## रेलवे किराए की छूट को तरसते ही रह गए बेचारे सीनियर सिटीजंस!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**कोरोना** काल में रेलवे सेवाओं को बिल्कुल बंद कर दिया गया था। उसके बाद जैसे-जैसे स्थिति सामान्य होने लगी वैसे-वैसे रेलवे ने भी अपनी गाड़ियों का संचालन पुनः शुरू कर दिया। जैसे-जैसे रेलगाड़ियों का संचालन शुरू करने की खबरें आती रही हैं, वैसे-वैसे ही सीनियर सिटीजनों की नजरें खबरों में यही ढूंढ़ती रहती हैं कि शायद अब की बार खबरों में वरिष्ठ नागरिकों के किराए में छूट देने की घोषणा सरकार ने कर दी हो। मगर, हर बार यही पढ़ने को मिलता है कि वरिष्ठ नागरिकों को किराए में अभी कोई छूट नहीं। रेलवे को बहुत घाटा सहना पड़ रहा है। सोचने वाली बात यह है कि जब चारों तरफ फ्री सामान बांटा जा रहा है, कहीं बिजली फ्री, कहीं अनाज फ्री तो कहीं बैंकों का कर्ज मुक्ति। कुछ क्षेत्र तो ऐसे हैं जहां स्कूलों की फीस फ्री अथवा छूट या फिर जमा कराने के बाद वापसी हो जाती है। मगर, ऐसी खबरों को पढ़ना जिसमें कहा गया हो कि सरकार को बहुत घाटा उठाना पड़ रहा है। बड़ा आश्चर्य होता है कि कितने सीनियर नागरिक यात्रा पर जाते हैं और कितने फ्री जाते हैं। मात्र कुछ प्रतिशत किराया ही तो कम लिया जाता था। दूसरी ओर सरकार सांसद, विधायक, पंच, सरपंच, पार्षद यानि कि जो भी एक बार चुनाव जीत जाता है उसे दुनिया भर के भत्तों सहित अनेक सुविधाएं एक से अधिक बार आजीवन प्राप्त होती रहती हैं। अगर इन सुविधाओं की तुलना की जाए तो सीनियर सिटीजन्स के लिए किराए में छूट तो कुछ भी नहीं है। इसलिए सरकार को चाहिए कि इस छूट पर गंभीरता से विचार कर रेलवे में पूर्व की तरह सीनियर सिटीजन्स के अलावा जिनको भी छूट मिलती रही है। उन्हें छूट देने की व्यवस्था करनी चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

## भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका

## भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



## राजस्थान में 1.75 लाख सैनिकों को मिला वन रैंक-वन पेंशन का लाभ -मोदी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सेनाओं की ताकत तभी बढ़ती है, जब देश आर्थिक रूप से सशक्त होता है। आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश का सामर्थ्य निरंतर बढ़ रहा है और हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और विकसित राजस्थान, विकसित सेना को ताकत प्रदान करेगा।

मोदी मंगलवार को जैसलमेर के पोकरण में भारत शक्ति अभ्यास के अवसर पर आयोजित प्रदर्शन का अवलोकन कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी भारतीय सेनाओं के शौर्य के साक्षी बने। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीरता और कौशल का यह प्रदर्शन नए भारत की गूंज है। आज पोकरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और उसके गौरव की त्रिवेणी का साक्षी बना है। यह वही पोकरण है जिसने भारत को परमाणु सम्पन्न राष्ट्र बनाया। भारत देश पहले रक्षा उपकरणों का आयातक था परन्तु आज एक बड़ा निर्यातक बन रहा है। भारत शीघ्र ही रक्षा क्षेत्र में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) पर सैनिक परिवारों से झूठ बोला गया। हमारी सरकार ने आते ही ओआरओपी की गारन्टी को पूरा किया। अब तक राजस्थान के 1.75 लाख पूर्व सैनिकों को ओआरओपी के तहत 5,000 करोड़ रुपये का लाभ मिल चुका है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडे, चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी, चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल आर. हरि कुमार एवं मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित वरिष्ठ सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी का तोहफा, अजमेर दिल्ली कैंट वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का किया विस्तार

## अजमेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत अब चंडीगढ़ तक

**85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के 750 रेलवे स्टेशनों पर आयोजित देश के लिए 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने अजमेर दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रूट का विस्तार किया। अजमेर दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब चड़ीगढ़ तक जाएगी। अजमेर दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का नया रुट कुछ इस प्रकार है। उत्तर पश्चिम रेलवे में अजमेर दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब चंडीगढ़ तक चलेगी। 14 मार्च से इसका विधिवत आवागमन शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन अजमेर से सुबह 6.20 बजे रवाना होकर दिल्ली कैंट पर 11.30 पर पहुंचेगी। फिर यह वंदे भारत ट्रेन 11.40 बजे यह दिल्ली कैंट से रवाना होकर दोपहर 2.45 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। वापसी में यह चंडीगढ़ से दोपहर 3.15 पर चलकर रात को 11.55 बजे अजमेर पहुंचेगी।



### राजस्थान में 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें

**मौजूद** वक्त में राजस्थान में 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। इनमें अजमेर-चंडीगढ़, उदयपुर - जयपुर और जोधपुर - साबरमती वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित हैं। हालांकि अभी राजस्थान में और भी वंदे भारत ट्रेन चलाने की योजना बनाई जा रही है। जयपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की भी चर्चाएं जोरों पर हैं।


**HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज**

**ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट**

- »मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- »सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- »असाध्य घाव/शुगर के घाव
- »कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- »अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- »डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करेंः-
98290-17133, 70737-77133
9983317133

डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in










# होली पर चंद्र ग्रहण, भारत में असर नहीं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान के अलग-अलग शहरों में बेहद अनोखे अंदाज में होली का त्योहार मनाया जाता है। यहां होली मनाने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से ही नहीं बल्कि विदेश से भी सैलानी पहुंचते हैं। पूरे देश में पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली, बीकानेर समेत कई जगह की डोलची होली, भरतपुर के ब्रज क्षेत्र की लट्ठमार होली फेमस है। हर साल की तरह इस साल भी प्रदेश में होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, लेकिन फाल्गुन पूर्णिमा पर होली पर्व पर साल 2024 का पहला चंद्र ग्रहण लगेगा। यह उपछाया चंद्र ग्रहण होगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा तो इस ग्रहण का सूतक भी मान्य नहीं होगा। ऐसे में होली के पर्व पर इसका कोई प्रभाव भी नहीं रहेगा। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि चंद्र ग्रहण 25 मार्च फाल्गुन पूर्णिमा के दिन प्रातः 10.243 से दोपहर 3.02 मिनट तक रहेगा। यह चंद्र ग्रहण आयरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन फ्रांस, अमरीका, जापान, रूस, ऑस्ट्रेलिया आदि और अफ्रीका, प्रशांत, अटलांटिक, आर्कटिक और अंटार्कटिका के हिस्सों में देखा जा सकेगा।

### इस बार चंद्र ग्रहण से पहले शनि होंगे उदय

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्र ग्रहण से पहले शनिदेव का उदय होना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। शनि देव अभी कुंभ राशि में अस्त हैं, जो 18 मार्च को कुंभ राशि में प्रातः 7.49 पर उदित होंगे। शास्त्रों में शनि का उदय होना एक शुभ घटना मानी जाती है।



एनके पब्लिक स्कूल के द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम

# स्वच्छ भारत की मुहिम है यह कार्यक्रम-डॉ. लुनायच

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आर्य नगर मुरलीपुरा स्थित एनके पब्लिक स्कूल के कार्मिकों द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुरलीपुरा थाने से केडिया पैलेस चौराहे तक अवस्थित ग्रीन कॉरिडोर की साफ सफाई की गई तथा पेड़ों की छटाई कर उनमें पानी दिया गया। अभियान में सफाई कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक सभी लोग शामिल होते हैं विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच ने बताया कि यह स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम विगत कई वर्षों से अनवरत चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई गई स्वच्छ भारत मुहिम के अंतर्गत यह कार्यक्रम शुरू हुआ था।

विद्यालय के निदेशक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस अभियान के बैनर तले मुरलीपुरा क्षेत्र के आसपास के सभी क्षेत्रों की सफाई होती रही है। विद्यालय के क्रमिकों द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

## राजधानी में 5 हजार करोड़ का सालाना कारोबार

# गुलाबीनगरी के हैंडीक्राफ्ट की दुनिया दीवानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** समृद्ध विरासत के साथ हैंडीक्राफ्ट ने दुनिया में जयपुर की पहचान बनाई है। दुनियाभर के लोगों को यहां का हैंडीक्राफ्ट लुभा रहा है। यही कारण है कि देश-दुनिया से लोग यहां खरीदारी के लिए भी आ रहे हैं। जयपुरी जूतियां, बेडशीट्स हो या फिर ज्वैलरी, मीनाकारी के आयटम लोगों की पसंद बने हुए है। सांगानेरी प्रिंट की बैडशीट्स भी विदेशों तक पहुंच रही है। जयपुर के हैंडीक्राफ्ट आयटमों की दिनों-दिन डिमांड बढ़ती जा रही है। व्यापारियों की मानें तो जयपुर के बाजारों में ट्रेडिशनल वस्तुओं के साथ हैंडीक्राफ्ट का सालाना करीब 5 हजार करोड़ का कारोबार हो रहा है।

राजधानी के बाजारों ने अलग-अलग वस्तुओं के लिए अपनी पहचान बनाई है। इनमें हैंडीक्राफ्ट के आयटम सबसे अधिक है। कुछ लोगों का ये पुश्तैनी काम भी है, जो अभी भी बरकरार है। जयपुर के बाजारों की ट्रेडिशनल वस्तुओं के साथ जयपुरी जूतियां, रजाइयां, बर्तन, ज्वैलरी, मीनाकारी के आयटम, सांगानेरी बैडशीट्स, फर्नीचर, लाख के आयटमों के लिए पहचान है। हवामहल बाजार में ट्रेडिशनल वस्तुओं के साथ राजस्थानी कपड़े, बेडशीट, मीनाकारी के आयटम व ज्वैलरी की दुकाने हैं, चौड़ा रास्ता ने जयपुरी रजाई के लिए अपनी पहचान बनाई है। जड़ियों के रास्ते में मीनाकारी ज्वैलरी का जाना पहचाना नाम है। आमेर रोड पर कई बड़े-बड़े शोरूम है, जहां एंटिक ज्वैलरी, जेम स्टोन, कुंदन मीनाकारी के आयटम, पेंटिंग्स, लेदर आयटम, ब्लू पोटरी व मार्बल के छोटे-छोटे आयटम का कारोबार हो रहा है।

### किस बाजार में क्या खास

- लाख की चूड़ियां - झोटवाड़ा, शास्त्री नगर, नाहरगढ़ रोड, मनिहारों का रास्ता
- जयपुरी जूतियां - हवामहल बाजार, बड़ी चौपड़, रामगंज बाजार, नेहरू बाजार, बापू बाजार,
- लाख के हैंडीक्राफ्ट के आयटम - बाबू बाजार, हवामहल बाजार, आमेर रोड, नेहरू बाजार
- पीलत के बर्तन - त्रिपोलिया बाजार व ठठेरों का रास्ता
- जेम स्टोन ज्वैलरी - गोपालजी का रास्ता
- कुंदन मीनाकारी के आयटम - जड़ियों का रास्ता
- सांगानेरी प्रिंट की बेडशीट, लहंगे, कुर्तियां व कपड़े - सांगानेर व हवामहल बाजार, जौहरी बाजार, बापू बाजार व नेहरू बाजार।

**जयपुर** में हैंडीक्राफ्ट का बड़ा कारोबार है। लाख व लकड़ी के हाथी, घोड़े, जयपुरी जूतियां, रजाइयां, ज्वैलरी की अच्छी खपत हो रही है। जयपुर शहर से सालाना करीब 5 हजार करोड़ से अधिक का कारोबार विदेशों में हो रहा है।

**- सुभाष गोयल**, अध्यक्ष जयपुर व्यापार महासंघ

### इन देशों में जा रहे उत्पाद

**अमरीका**, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली, स्पेन, फ्रांस सहित सभी यूरोपियन देशों में जयपुर के उत्पाद अधिक पसंद किए जा रहे है।

# जयपुर के एसएमएस अस्पताल में एशिया की पहली हाईटेक लांड्री शुरू

### मरीजों को मिलेगी बैक्टीरिया फ्री बेडशीट और कपड़े

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में अब मरीजों की बेडशीट से लेकर डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की यूनिफॉर्म पूरी तरह बैक्टीरिया रहित होगी और व्यवस्थित रूप से मिलेगी। इसके लिए अस्पताल में एशिया की पहली ऐसी लांड्री लगाई गई है, जिसमें सिर्फ गंदे कपड़े डाले जाएंगे और वे ना केवल धुलेंगे बल्कि प्रेस होकर निकलेंगे। इसके बाद अस्पताल के मरीजों और स्टाफ को बेडशीट व अन्य यूनिफार्म दी जाएंगी।

# ई-ड्राईविंग लाईसेन्स एवं ई-आरसी एक अप्रेल से



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में प्रदेश में 01 अप्रेल, से ई-ड्राईविंग लाईसेन्स एवं ई-पंजीयन प्रमाण पत्र की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। इसके अतंर्गत आवेदक को ड्राईविंग लाईसेन्स और वाहन पंजीयन से संबंधित किसी भी सेवाओं के लिए स्मार्ट कार्ड जारी नहीं किये जाएंगे। आवेदकों को 200/- रू. स्मार्ट कार्ड शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। इस व्यवस्था को लागू किये जाने के लिए मंगलवार को परिवहन भवन में परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा द्वारा ऑटोमोबाईल डीलर्स के साथ बैठक कर उनके सुझाव लिये गये।

e-DL एवं e-RC के आवेदकों को ड्राईविंग लाईसेन्स एवं वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने के साथ ही स्ब्स द्वारा लिंक प्राप्त होगा जिससे परिवहन सेवा सिटिजन पोर्टल के माध्यम से e-DL एवं e-RC घर बैठे ही प्रिंटेबल पीडीएफ फॉरमैट में आवेदक को उपलब्ध कराई जाएगी। e-DL एवं e-RC का प्रिंट प्राप्त करने के लिए सभी परिवहन कार्यालयों में ई-मित्र प्लस मशीन भी लगाई जा रही है। इसके अलावा e-DL एवं e-RC का प्रिंट किसी भी ई–मित्र क्रेंद से निर्धारित शुल्क का भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे। e-DL एवं e-RC को उस पर अंकित फत् बवकम द्वारा स्कैन कर इसकी प्रमाणिकता की आसानी से जांच की जा सकती है। जिन आवेदकों द्वारा स्मार्ट कार्ड फीस का भुगतान 31 मार्च, 2024 तक कर दिया जाता है उन्हें 1 अप्रैल से जारी होने वाले ड्राईविंग लाईसेन्स और वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र Electronically ही उपलब्ध कराये जाएंगे। इनके द्वारा ऑनलाईन भुगतान किया गया स्मार्ट कार्ड शुल्क विभाग द्वारा लौटाया जायेगा। इस हेतु परिवहन मुख्यालय के स्तर पर केन्द्रीकृत रुप में रिफंड की कार्यवाही संपादित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में परिवहन विभाग द्वारा ड्राईविंग लाईसेन्स की 06 तथा पंजीयन प्रमाण पत्र से संबंधित 05 सेवाएं कॉन्टेक्टलैस प्रदान की जा रही हैं किन्तु इन सेवाओं को प्राप्त करने के पश्चात भी आवेदकों को ड्राईविंग लाईसेन्स एवं पंजीयन प्रमाण पत्र लेने कार्यालयों में आना होता है।

राजस्थान रोडवेज का तोहफा

# वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में 50% छूट



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में भारी छूट मिली। राजस्थान रोडवेज ने उठाया बड़ा कदम। राजस्थान रोडवेज ने वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में भारी छूट का तोहफा दिया। परिवहन उप सचिव शासन सोहन लाल मीना के आदेशानुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा संख्या 43 के क्रियान्वयन के लिए सूबे के 60 वर्ष से 80 वर्ष के बीच के वरिष्ठ नागरिकों को राजस्थान रोडवेज के बस में सफर करने पर 50 फीसदी की छूट प्रदान की जा रही है। इस नए आदेश से पूर्व यह छूट सिर्फ 30 फीसद ही थी। राजस्थान रोडवेज की बसों में यह छूट प्रदेश के अंदर ही सफर करने पर मान्य होगी। परिवहन उप सचिव शासन सोहन लाल मीना के अनुसार यह स्वीकृति वित्त (व्यय-2) की आईडी संख्या 162400544 दिनांक 11 मार्च 2024 धारा प्रदत्त सहमति के अनुसरण में जारी की गई है।

### महिलाओं को भी है 50 फीसदी छूट

**कांग्रेस** सरकार में राजस्थान रोडवेज की बसों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी छूट शुरू की गई थी। अब भाजपा सरकार में 60 से 80 साल के बुजुर्गों को भी 50 फीसदी टिकट में छूट मिलेगी। राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चुनाव पूर्व किए वादे निभाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अब प्रदेश के सीनियर सिटीजन को रोडवेज बसों में आधा किराए का तोहफा दिया है।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी 1220 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती के लिए वित्तीय स्वीकृति

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 70 हजार सरकारी नौकरी देने की बजट घोषणा को मूर्त रूप देने के क्रम में चिकित्सा अधिकारियों के 1220 रिक्त पदों पर भर्ती करने के प्रस्ताव को वित्तीय स्वीकृति देकर युवाओं को तोहफा दिया है। उक्त 1220 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के माध्यम से की जाएगी। वित्त विभाग के शासन सचिव, वित्त (व्यय) नरेश ठकराल ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर 1220 चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों को भरे जाने पर सहमति दी गई है।

उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के अंतर्गत बजट में युवाओं के रोजगार के लिए आगामी वर्ष में सरकार के अधीन 70 हजार पदों पर भर्तिया की जाने की घोषणा की गई है। इसी क्रम में उक्त पदों की भर्ती के लिए वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

# रवीन्द्र मंच पर रंग उत्सव, 10.5 फीट लंबी हस्तलिखित कुरान आकर्षण का केन्द्र

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रवीन्द्र मंच पर आर्ट, कल्चर और अनुभवों का विशेष ताल-मेल की झलक नजर आएगी। रोजाना आर्ट कैंप, कल्चरल परफॉरमेंस, थिएटर, संवाद के अलावा शेरो-शायरियों की महफिलें सजेंगी। 10.5 फीट लंबी हस्तलिखित कुरान आकर्षण का केन्द्र होगी। मौका होगा रवीन्द्र मंच के हीरक जयंती समारोह के तहत चार दिवसीय रंग उत्सव का। उत्सव की शुरुआत बुधवार को दोपहर 2 बजे गणेश वंदना के साथ होगी। रवींद्र मंच प्रबंधक सोविला माथुर ने बताया कि रवींद्र मंच जयपुर और कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 13 से 16 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रोजाना सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक ये आयोजन होंगे।

ANCHOR | सरकार आपके द्वार

# जनता हमारी स्वामी, निश्चित समयावधि में होगा परिवादों का निस्तारण-दिलावर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** कोटा जिले के रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के सातलखेड़ी में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शिक्षा, पंचायती राज एवं संस्कृत शिक्षा विभाग मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सभी निस्तारण योग्य परिवादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा एवं अगर किसी परिवाद के समाधान में समय लगता है तो संबंधित विभाग के अधिकारी को परिवाद की समाप्ति की समय अवधि बतानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, जनता ही हमारी स्वामी है। शिविर में आया प्रत्येक व्यक्ति सम्मानीय है एवं सरकारी अधिकारी प्रत्येक परिवादी के परिवाद को धैर्य, विनम्रता एवं सम्मान के साथ सुनें। उन्होंने कहा, अगर नियमों के चलते कोई काम नहीं किया जा सकता है तो ऐसे में परिवादी का सही मार्गदर्शन किया जाए एवं उसकी नियमों की जानकारी बताई जाए। शिक्षा मंत्री के निर्देश पर सभी विभाग परिवादों की दो सूची संधारित कर रहे हैं। एक सूची से शिक्षा मंत्री स्वयं के स्तर से अधिकारियों से परिवादों का फॉलो अप करते हैं। शिविर में शिक्षा मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों से खेड़ारुद्धा में हुई जनसुनवाई में आए परिवादों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट भी ली। शिक्षा मंत्री ने कहा, सरकार की मंशा है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में सरकार आपके द्वार के तहत शिविर लगाकर आम जनता को एक ही छत के नीचे समस्त योजनाओं का लाभ मिल सके एवं उनको अनावश्यक जिला मुख्यालय एवं कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने कहा प्रत्येक वंचित पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा ताकि वह विकसित भारत के संकल्प में अपना योगदान दे सके।

शिविर में श्रम, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण, राजस्व, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आदि द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई एवं वंचित पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में शिक्षा मंत्री द्वारा लक्ष्मीपुरा से अरनियाखुर्द के बीच 1 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 57 लाख रुपये की राशि देवलीखुर्द से नालोदिया के बीच 3.1 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 1 करोड़ 61 लाख की राशि, खाटोली से बोरदी के बीच 3.40 किलोमीटर सड़क के लिए 2 करोड़ 82 लाख की राशि स्वीकृति की घोषणा की गई। उन्होंने बताया सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए 7.5 किलोमीटर के लिए कुल 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। सातलखेड़ी में अन्य 19 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण के लिए 14 करोड़ 60 लाख का प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है जिसकी स्वीकृति जल्द मिलेगी।

MBBS Admission Open- 2023-24
Almaty,Kazakhstan

CASPIAN INTERNATIONAL SCHOOL OF MEDICINE
Kazakhstan

KAZAKH RUSSIAN MEDICAL UNIVERSITY
Kazakhstan
Contact US
Khevanshi
MBBS Council
Office : 311, 3rd Floor, Center Tower, Central Spine , Vidhyadhar Nagar, Jaipur(Raj.)
Website : www.khevanshimbbs.com e-Mail : enquiry@khevanshimbbs.com
Call +91 805-888-1-888

## SBI ने चुनाव आयोग को दिया इलेक्टोरल बॉन्ड्स से जुड़ा डेटा!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड्स से जुड़ा डेटा दे दिया है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सोमवार को डेटा उपलब्ध करवाने के लिए ज्यादा दिए जाने की मांग लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था लेकिन सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने SBI को 12 मार्च शाम तक डेटा उपलब्ध करवाने के आदेश दिए थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने SBI को क्या चेतावनी दी थी?

सुप्रीम कोर्ट ने SBI से कहा था कि अगर उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में वह नाकाम रहता है तो "जानबूझ कर अवज्ञा" करने को लेकर अदालत उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। CJI डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच जजों की बेंच ने डेटा का खुलासा करने के लिए समयसीमा 30 जून तक बढ़ाने संबंधी SBI की अर्जी खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी SBI द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था।

राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह आयोजित

# समृद्ध परंपराओं से करें चिकित्सा विज्ञान के विकास के लिए हो कार्य -राज्यपाल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने भारत की प्राचीन समृद्ध भारतीय चिकित्सा परंपराओं से सीख लेकर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के प्रभावी विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने शारीरिक व्याधियों की पहचान और रोग निदान में कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) के उपयोग की संभावनाओं पर भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के संदर्भ में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों को निरंतर अपडेट किया जाए। मिश्र मंगलवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नवें दीक्षान्त समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एआई साक्षरता बढ़ाने के साथ दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य, सेवाओं को किफायती और सुलभ बनाने में भी इसके उपयोग की संभावनाएं तलाशे जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के आलोक में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालयअपने यहाँ आधुनिक पाठ्यक्रमों की पहल करे एंव चिकित्सा विज्ञान में नवाचार को प्रोत्साहित करे।

राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सको एंव विधार्थियों को चाहिए कि वे चिकित्सा क्षेत्र में वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप शोध की मौलिक दृष्टि का विकास करे। प्रयास करे कि राजस्थान की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं देश ही नहीं विश्वभर में अग्रणी बने। उन्होंने भावी चिकित्सकों को सस्ती और सबके लिए सुलभ चिकित्सा के लिए, पीड़ित मानवता के कष्ट दूर करने को अपना धर्म मानते हुए कार्य करने और चिकित्सा को व्यवसाय नहीं बल्कि मानव सेवा मानते हुए कार्य किए जाने का भी आह्वान किया।




राज्यपाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में छात्राओं की अधिक संख्या पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि जहां बालिकाएं पढ़ती है, वही समाज आगे बढ़ता है। समाजोत्थान के लिए महिलाओं को अधिकाधिक अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। राज्यपाल श्री मिश्र ने समारोह के आरम्भ में संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्यों को पढ़कर सुनाया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि हमारी 65 प्रतिशत जनसंख्या युवा है। इन युवाओं पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा नोबल प्रोफेशन है और भावी चिकित्सकों पर ही सबसे अधिक देश की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत में विश्व भर में कैंसर और हृदय रोग के सर्वाधिक रोगी हैं। उन्होंने चिकित्सकों को भगवान का रूप बताते हुए कहा कि डॉक्टर इमानदारी और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए रोग निदान के लिए कार्य करें। समारोह में एमेरिट्स मेडिसिन विभाग, एमजीएमसीआरआई, पुडुचेरी के डॉ. ए.के. दास और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के मुख्य संरक्षक आई संस्थापक डी. आर. मेहता ने चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र की नवीन संभावनाओं और भविष्य की चुनौतियों के साथ चिकित्सकों आलोक में विचार रखे। कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

राज्यपाल ने इससे पहले डॉ. परेश किशोर चंद्र डोशी, डॉ. सुनील कल्ला, डॉ. शशांक आर. जोशी, डा. अरविंद बग्गा को डॉक्टर ऑफ़ फिलोसॉफी और डॉक्टर ऑफ़ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। इन सभी ने इस सम्मान के लिए अपना आभार जताया। बाद में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक और विषयवार उपाधियां प्रदान की।

# राजकाज के माध्यम से पत्रावलियों का होगा त्वरित निस्तारण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सहकारिता विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने राज्य सरकार की योजनाओं एवं विभागीय निर्देशों की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं जिससे आमजन को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन करें। त्यागी ने सहकार भवन में सभी अनुभागों में राजकाज के जरिए पत्रावलियों के निस्तारण की प्रक्रिया की संबंधित कार्मिकों की बैठक में पत्रावलियों का समयबद्ध निरीक्षण कर त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यालय पद्धति के अनुसार सभी कार्मिकों द्वारा डेली डायरी संधारित की जाये ताकि उनके द्वारा प्रतिदिन किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की जा सके।

पीएम कुसुम सौर पम्प संयंत्र स्वीकृति-पत्र वितरण समारोह

# राज्य के 50 हजार से अधिक कृषकों को मिलेगी सोलर पम्प पर सब्सिडी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया ने बताया कि बुधवार को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के आतिथ्य में पीएम कुसुम सौर पम्प संयंत्र स्वीकृति-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में लगभग 500 कृषकों को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आमंत्रित किया गया है, जिन्हें मुख्यमंत्री और कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा स्वीकृति-पत्र प्रदान किये जायेंगे। जिलों में पंचायत समिति केन्द्रों पर कृषकों को आमंत्रित कर वीसी के माध्यम से जोड़ा जायेगा। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की उपलब्धता पर निर्भर नही रहना पड़े, इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेतों में सोलर पम्प लगाने पर 60 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति हेतु राज्य मद से 45 हजार रूपये का प्रति कृषक अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि सोलर पम्प के लिए लगभग 50 हजार किसानों को स्वीकृतियां जारी की गई है, जिस पर 1830 करोड़ रूपये का व्यय होगा, जिसमें से 908 करोड़ रूपये अनुदान के रूप में कृषकों को प्रदान कर लाभान्वित किया जायेगा।

भारतीय प्रेस पत्रकार संघ ने सौंपा पत्रकारों की मांगों का ज्ञापन

# पत्रकारों की समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क आयुक्त सुनील शर्मा का कहना है कि पत्रकारों की सभी आवश्यक समस्याओं का समाधान शीघ्र किए जाने के प्रयास किए जाएंगे। हमारी सोच है की पत्रकारों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वे सोमवार को भारतीय प्रेस पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल के समक्ष अपने विचार रख रहे थे। शर्मा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और वे उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करेंगे।

आयुक्त सुनील शर्मा ने इस अवसर पर भारतीय प्रेस पत्रकार संघ के अध्यक्ष अभय जोशी को संघ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। जोशी ने इस मौके पर प्रदेश भर के मीडियाकर्मियों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को रखते हुए पत्रकारों के लिए अधिस्वीकरण के नियमों का सरलीकरण करने और अधिस्वीकरण के लिए पचास साल की उम्र की शर्त खत्म करने के साथ ही छोटे,लघु एवं मझौले



अखबारों को हर माह नियमित दो पेज विज्ञापन जारी करने, जिला स्तरीय समाचार पत्रों को नियमित विज्ञापन देने, पत्रकार पेंशन सहायता राशि बढ़ाकर पच्चीस हजार रूपए करने, पत्रकारों को सभी निजी एवं सरकारी अस्पतालों में पांच लाख तक की कैशलैस मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही न्यूज पोर्टल्स एवं डिजिटल मीडिया की समस्याओं को दूर करने की मांग रखी। अभय जोशी ने आयुक्त को मांगो को लेकर ज्ञापन पत्र भी सौंपा

राजस्थान में लोकसभा की दूसरी सूची

## कांग्रेस ने 10 उम्मीदवारों का किया ऐलान, सूची में है 7 जनरल, 2 एससी व 1 एसटी प्रत्याशी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजस्थान में कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 10 सीटों के नामों का खुलासा किया। मंगलवार शाम को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 43 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की। जिसमें राजस्थान के लोकसभा उम्मीदवारों के नामों को पहली बार ऐलान किया गया। राजस्थान कांग्रेस ने 10 उम्मीदवारों के नाम का खुलासा किया। इसमें राहुल कस्वां का नाम चौंकाने वाला था। चूरू से भाजपा सांसद राहुल कस्वां ने कल सोमवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था। आज कांग्रेस की लिस्ट में उनका नाम शामिल था। कांग्रेस ने राहुल कस्वां को चूरू से लोकसभा का अपना उम्मीदवार बनाया। अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालोर-सिरोह से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछली बार वैभव ने जोधपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। देखें कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में राजस्थान से लोस का टिकट पाए नेताओं का नाम।

1. बीकानेर - गोविंदराम मेघवाल
2. चूरू - राहुल कस्वां
3. झूंझूनू - बृजेंद्र ओला
4. अलवर - ललित यादव
5. भरतपुर - संजना यादव
6. टोंक - हर्ष चंद्र मीणा
7. जोधपुर - करन सिंह उचियारडा
8. जालोर - वैभव गहलोत
9. उदयपुर - तारा चंद मीणा
10. चित्तौड़गढ़ -लालचंद मीणा।

**घोषित सभी 10 सीटों पर उम्मीदवार बदले:** कांग्रेस की जारी लिस्ट में सबसे ताज्जुब है कि उसने अपने सभी मौजूदा लोकसभा सांसदों के नाम बदल दिए हैं। तीन सीटों पर मौजूदा विधायकों को लोकसभा टिकट दिया गया है। झुंझुनूं से विधायक बृजेंद्र सिंह ओला, टोंक-सवाईमाधोपुर से हरीश मीणा और अलवर से ललित यादव को टिकट दिया गया है।






ANCHOR | लोकार्पण-शिलान्यास

# रेलवे का कायाकल्प विकसित भारत की गारंटी -प्रधानमंत्री मोदी

85 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### केन्द्र-राज्य की डबल इंजन सरकार लिखेगी विकास की नई इबारत- संकल्प पत्र के हर वादे को किया जाएगा पूरा - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद में रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण तथा वन्दे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया जिनमें राजस्थान को भी कई सौगातें मिली।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही है। देश के विकास की गाड़ी रेलवे ट्रैक पर तीव्र गति से दौड़ रही है। उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों में रेलवे का जो कायाकल्प हुआ है, वो विकसित भारत की गारंटी है। श्री मोदी ने कहा कि रेलवे का विकास केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी सरकार ने रेल बजट को केन्द्रीय बजट में शामिल किया, जिससे रेलवे का औसत बजट 6 गुना बढ़ गया है तथा आने वाले 5 साल में रेलवे का पूरी तरह कायाकल्प हो जाएगा।



### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे ने हासिल की शानदार उपलब्धियां

**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर जैसलमेर रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने भारत के विकास रथ को जो तेज गति दी है, उससे पूरी दुनिया अचंभित है। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे, सड़कों, हाईवे एवं एयरपोर्ट के विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है तथा अपने कार्यकाल में विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण कर उन्हें समय पर जनता को समर्पित कर रही है।

### दृढ़ इच्छा शक्ति से रेलवे को मुश्किल हालात से निकाला बाहर

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले रेलवे के हालात इतने बदतर थे कि उत्तर-पूर्व के 6 राज्यों की राजधानी भी रेल सेवा से नहीं जुड़ पाई थी। देशभर में करीब 10 हजार से ज्यादा रेलवे फाटक मानवरहित थे। मात्र 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो पाया था और ट्रेन टिकट के आरक्षण में भी लम्बी लाइनें लगती थी। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइनों का दोहरीकरण भी पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में नहीं था। इन सब कारणों से आम आदमी को बहुत पीड़ा झेलनी पड़ती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे हालात से रेलवे को बाहर निकालने के लिए जो दृढ़ इच्छाशक्ति चाहिए थी, वो हमारी सरकार ने दिखाई है।

### 10 सालों में बदली विकास की तस्वीर

**मोदी** ने कहा कि पिछले 10 सालों में 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि वन्दे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी नेक्स्ट जनरेशन ट्रेनें चल रही हैं। वन्दे भारत ट्रेनों का नेटवर्क देश के 250 से अधिक जिलों तक पहुंच चुका है। रेलवे का शत- प्रतिशत विद्युतीकरण होने जा रहा है।

### विकसित हो रहा मेड इन इंडिया का ईको सिस्टम

**मोदी** ने कहा कि ट्रेनों, रेलवे ट्रेकों तथा स्टेशनों के निर्माण से मेड इन इंडिया का ईको सिस्टम विकसित हो रहा है। भारत में बनने वाले लोकोमोटिव और ट्रेन के डिब्बों का श्रीलंका, सूडान और म्यांमार जैसे देशों में निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सेमी हाई स्पीड ट्रेनों की मांग विश्व में बढ़ने से देश में नए कारखानों की स्थापना होगी। विश्वकर्मा कारीगरों और महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की रेलवे स्टेशनों पर बिक्री कर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दिया जा रहा है।




## सम्पादकीय

# भारत सतर्क है

चीन ने रक्षा बजट में 7.2% की बढ़ोतरी की है, जो आर्थिक मुश्किलों के बावजूद हुई है। इससे चीन के वास्तविक खर्च पर अमेरिका, जापान के साथ बढ़ती आक्रमकता का संकेत मिलता है। चीन ने मालदीव के साथ कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक कोऑपरेटिव पार्टनरशिप भी घोषित की है। चीन अपने रक्षा बजट में 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी करने जा रहा है। साल 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट में इसकी घोषणा की गई है। हालांकि हाल के वर्षों का ट्रेंड देखें तो यह कोई नई बात नहीं है, लेकिन कई बातें हैं जो इस फैसले की ओर खास तौर पर ध्यान खींच रही हैं। रक्षा बजट में की गई यह बढ़ोतरी भी कम नहीं कही जाएगी, लेकिन एक्सपर्ट्स के बीच इस बात पर लगभग आम राय है कि चीन सरकार रक्षा मद में जितना खर्च बता रही है, वास्तविक खर्च उससे कहीं ज्यादा होगा। कारण यह है कि रक्षा से जुड़े बहुत सारे खर्च वहां अन्य मदों में दिखाए जाते रहे हैं। चीन सरकार ने रक्षा खर्च में बढ़ोतरी का यह फैसला आर्थिक मुश्किलों के बावजूद किया है। चीनी इकॉनमी कई तरह की चुनौतियों से घिरी है। आर्थिक विकास की उसकी रफ्तार कम हो गई है। इस साल के लिए सरकार ने सिर्फ 5 फीसदी विकास दर का लक्ष्य रखा है, जो उसके मानक के हिसाब से कम है। इसके बावजूद की गई रक्षा बजट में बढ़ोतरी उसकी प्राथमिकता स्पष्ट करती है। चीन के इस फैसले को उसके रुख में आई आक्रामकता के संदर्भ में समझा जा सकता है। इसकी ताजा मिसाल है चीन सरकार की ओर से जारी वह रिपोर्ट जिसमें ताइवान के संदर्भ में 'शांतिपूर्ण एकीकरण' का पारंपरिक वाक्यांश हटा दिया गया है। चीन की सरकार सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को अमेरिका और जापान जैसे देशों के सैन्य खर्च में बढ़ोतरी का संदर्भ देकर सही ठहराती है। चीन की सैन्य गतिविधियां भारत के लिए भी सीधी चुनौती खड़ी करती हैं। लद्दाख से लगती सीमा पर दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प को चार साल होने को हैं। लेकिन सीमा पर सैन्य मौजूदगी कम करने के हालात नहीं बन रहे। लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल से लगती सीमा पर उसके 50 से 60 हजार सैनिक और सिक्किम व अरुणाचल से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 90,000 सैनिक अभी भी तैनात हैं। इसके अलावा वह भारत की घेरेबंदी के प्रयास भी लगातार करता रहता है। पाकिस्तान को भारी सैन्य सहायता देकर भारत की दोनों तरफ की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर दबाव बनाए रखना उसकी नीति का स्थायी हिस्सा बनता जा रहा है। भारत के अन्य पड़ोसी देशों में भी उसकी यही घोषित-अघोषित नीति है। ताजा मिसाल मालदीव के साथ कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक कोऑपरेटिव पार्टनरशिप बनाने की उसकी घोषणा की दी जा सकती है। ध्यान रहे, मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में आई हालिया खटास को प्रेक्षक चीन से जोड़ कर देखते रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि कोई भी देश अपने बजट का कितना हिस्सा किस मद में खर्च करेगा, यह उसका अपना मामला होता है। लेकिन मौजूदा संदर्भों में भारत अपने पड़ोसी देश के इस फैसले के निहितार्थों को अनदेखा नहीं कर सकता।

**चीन सरकार ने रक्षा खर्च में बढ़ोतरी का यह फैसला आर्थिक मुश्किलों के बावजूद किया है। चीनी इकॉनमी कई तरह की चुनौतियों से घिरी है। आर्थिक विकास की उसकी रफ्तार कम हो गई है। इस साल के लिए सरकार ने सिर्फ 5 फीसदी विकास दर का लक्ष्य रखा है, जो उसके मानक के हिसाब से कम है।**

# वित्तीय साक्षरता : महिलाओं की दूर की कोड़ी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



कीर्ति शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**आज देश की लगभग 1.4 अरब की आबादी, जिसमें आधे से अधिक महिलाएं हैं, उनमें वित्तीय जागरूकता का लंबे समय तक चलने वाला प्रभाव पड़ेगा। देश के स्कूल, कालेज, महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि में वित्तीय शिक्षा को महत्त्व देते हुए उनमें कार्यरत महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के संबंध में विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है, ताकि वे अपने स्तर पर समूह से जुड़ी महिलाओं को आवश्यक जानकारी दे सकें।**



महिलाओं में वित्तीय साक्षरता न होने के दो तरह के प्रभाव होते हैं। एक तो यह कि महिलाएं रुपए-पैसे के लेनदेन में पूरी तरह पुरुष रिश्तेदारों पर निर्भर हो जाती हैं। उनको ऐसा कुछ भी काम करने का आत्मविश्वास ही नहीं रहता और किसी वजह से वे रिश्तेदार नहीं रहते, तो उनका पूरा वित्तीय कामकाज ठप्प हो जाता है। दूसरे, वित्तीय साक्षरता की कमी की जिम्मेदार कई बार खुद कुछ महिलाएं भी होती हैं। वे इस काम को सीखने और करने में आलस करती हैं। आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कदम से कदम मिला कर चल रही हैं, मगर फिर भी कई मामलों में वे पीछे रह जाती हैं। उनमें एक मुख्य क्षेत्र है महिलाओं की वित्तीय साक्षरता का। इस मामले में न केवल गरीब, ग्रामीण और अनपढ़ महिलाएं पीछे हैं, बल्कि शहरी मध्यवर्ग और उच्च वर्ग की पढ़ी-लिखी महिलाओं में भी वित्तीय साक्षरता और जानकारी का अभाव देखा जाता है। 'ग्लोबल फाइनेंशियल लिटरेसी एक्सीलेंस सेंटर' (जीएफएलई) द्वारा 2020-21 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वयस्क आबादी का केवल चौबीस प्रतिशत वित्तीय मामलों में साक्षर है। अन्य प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की वित्तीय साक्षरता दर सबसे कम है। महिलाओं के मामले में तो स्थिति और चिंताजनक है। यह राज्यवार चार प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच है। महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल जैसे महानगरीय क्षेत्रों में क्रमशः 17 प्रतिशत, 32 और 21 प्रतिशत की वित्तीय साक्षरता दर है। बिहार, राजस्थान, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य, जहां गरीबी अधिक है, वहां साक्षरता दर कम है। ये आंकड़े अंतरराज्यीय असमानताओं को भी प्रदर्शित करते हैं। गोवा में महिलाओं की पचास प्रतिशत की उच्चतम वित्तीय साक्षरता दर है, जबकि छत्तीसगढ़ में वित्तीय साक्षरता की भारी कमी है। वहां वित्तीय साक्षरता दर सबसे कम, मात्र चार प्रतिशत, है।

आजकल जब बैंकों के माध्यम से लेनदेन बढ़ रहा है, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड का चलन आम हो गया है और अब तो इसके आगे 'कैशलेस' लेनदेन पर जोर बढ़ रहा है, तब महिलाओं का एक बहुत बड़ा वर्ग बैंक के सामान्य कामकाज भी नही कर पाता। बैंक में रुपया जमा कराने या निकालने का काम हो या एटीएम कार्ड का उपयोग करना, सभी कामों के लिए अधिकांश महिलाएं अपने पति, पुत्र, भाई या किसी अन्य रिश्तेदार पर निर्भर हैं। इसका महिलाओं को कई बार खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके खाते से बड़ी रकम का गबन भी हो जाता है। कम निकालने का कह कर ज्यादा रकम उनके खाते से निकाल ली जाती है। एटीएम का गलत उपयोग कर लिया जाता है। बिना उस महिला की जानकारी के उसके खाते में अपना नामांकन करा लिया जाता है। खाली चेक पर हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं, फिर मनमानी रकम भरकर निकाल ली जाती है।

थोड़ा बहुत आनलाइन व्यवहार करने वाली महिला को 'रिवार्ड पाइंट' के आधार पर या नकद राशि मिलने के नाम पर 'ओटीपी' मांग कर या कोई लिंक भेज कर उस पर क्लिक करवा कर उसके बैंक खाते में जमा रकम साफ कर दी जाती है। इस तरह की बहुत-सी घटनाओं की खबरें आए दिन अखबारों में छपती रहती हैं। अधिकतर मामलों में कोई कार्रवाई नहीं होती और पीड़िता का पैसा डूब जाता है। कई बार महिला के पुरुष रिश्तेदार जानबूझ कर उसे बैंक की कार्यप्रणाली से परिचित होने नहीं देते।महिलाओं में वित्तीय साक्षरता न होने के दो तरह के प्रभाव होते हैं। एक तो यह कि महिलाएं रुपए-पैसे के लेनदेन में पूरी तरह पुरुष रिश्तेदारों पर निर्भर हो जाती हैं। उनको ऐसा कुछ भी काम करने का आत्मविश्वास ही नहीं रहता और किसी वजह से वे रिश्तेदार नहीं रहते, तो उनका पूरा वित्तीय कामकाज ठप्प हो जाता है। दूसरे, वित्तीय साक्षरता की कमी की जिम्मेदार कई बार खुद महिलाएं भी होती हैं।


वे इस काम को सीखने और करने में आलस करती हैं। कुछ तकनीकी बातें सीखने और समझने की कोशिश ही नहीं करतीं। इस उदासीनता का नुकसान भी उनको उठाना पड़ता है। जब बैंक आदि के सामान्य कामों में महिलाओं की यह स्थिति है तो भला वे निवेश कहां करना है, कब करना है, कितना करना है और कैसे करना है, कितना बीमा करवाना है जैसी बातों की उनसे जानकारी की अपेक्षा करना तो बेमानी है। इस कारण भी महिलाएं गलत जगह और गलत आदमी के माध्यम से निवेश करके या तो अपना पैसा डुबा देती या फंसा लेती हैं। आजकल विधवा और परित्यक्ता महिलाओं द्वारा एकाकी जीवन बिताने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जा रही। ऐसे में उनको अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, शादी विवाह, आवास निर्माण आदि कार्यों के लिए बड़ी धनराशि की जरूरत पड़ती है। बचत न होने के कारण उनको ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती रहती है। वित्तीय साक्षरता के अभाव में वे सेठ-साहूकारों या निजी संस्थाओं के चंगुल में फंस जाती हैं। वहां उनको भारी ब्याज दरों पर ऋष्ठा लेना पड़ सकता है, जिसको चुकाना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि उनकी संपति कुर्क होने की नौबत आ जाती है। एक मजबूत वित्तीय शिक्षा की व्यवस्था महिलाओं को प्रभावी ढंग से अपनी बचत और निवेश का प्रबंधन करने में सहायक हो सकती है। इससे वे अपनी बचत को इस प्रकार निवेश कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने अधिक से अधिक लाभ मिल सके और जमा राशि भी सुरक्षित रहे। इसी प्रकार महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से उनका उपयुक्त बीमा कवर होना भी जरूरी है। बीमारी की दशा में इलाज पर खर्च होने वाली भारी-भरकम राशि की व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य बीमा का कवर भी जरूरी है, ताकि उनको और उनके परिवार को बीमारी की दशा में इलाज करवाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। यह भी महिलाओं की वित्तीय साक्षरता द्वारा ही संभव है। वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय रणनीति 2020-2025 बनाई गई है। इसके अंतर्गत डिजिटल लेन-देन की सुविधा, डिजिटल लेन-देन की सुरक्षा, लेन-देन में सावधानी, ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के प्रावधान किए गए हैं। 'सेबी', रिजर्व बैंक और अन्य संस्थाएं भी समय-समय पर विज्ञापनों के माध्यम से बैंक लेन-देन और आनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में जानकारियां देती रहती हैं, ताकि वित्तीय साक्षरता बढ़ सके। इन सभी में महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता की जरूरत बताई गई है।

जरूरत इस बात की है कि जिन महिलाओं को बैंक और वित्तीय कामकाज की जानकारी नहीं है, उन्हें आगे बढ़ कर सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# मनोविज्ञान-दु:ख और अवसाद में अंतर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. रामावतार
पत्रकार
@jagrukjanta.net

दुख (ग्रीफ) और अवसाद (डिप्रेशन) मानव जीवन के दो ऐसे आयाम हैं जो किसी भी व्यक्ति के जीवन में कभी भी घटित हो सकते हैं। इन दोनों पहलुओं के घटित होने की संभावना मात्र ही शरीर में एक झुरझुरी पैदा करती है। अदृश्य और परम की पूजा प्रार्थना का सबसे बड़ा आधार दुख और अवसाद से बचना माना जा सकता है। किसी अनहोनी से बचाव की याचना को यदि वैश्विक धार्मिक प्रणालियों का प्राण स्त्रोत कहा जाए तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा। जीवन की इन दोनों संभावित परिस्थितियों को मनोवैज्ञानिकों ने समझने की काफी कोशिश की है हालांकि वांछित सफलता अभी भी दूर है। दोनों स्थितियां बहुत कुछ अलग तो हैं परंतु दोनों में इतना कुछ एक जैसा भी होता है जो इन्हें परस्पर अतिछादित (ओवरलैप) करता है। यहां अलग हो कर भी दोनों एक दूसरे के कारक और पोषक भी हो सकते हैं।

दुख का प्रमुख कारण कोई अपूर्णीय हानि होती है जिसका प्रभाव जीवन पर्यंत रह सकता है। किसी प्रियजन की असामयिक मृत्यु या पलायन, रोजगार का असामान्य परिस्थितियों में समाप्त होना, धन या संपति की बड़ी हानि और किसी विश्वस्त व्यक्ति द्वारा बड़ा विश्वासघात मजबूत से मजबूत व्यक्ति को दुख की स्थिति में पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा प्रभावशाली पद से पद्च्युत होना भी दुख का एक महत्वपूर्ण कारण पाया गया है। दुख का प्रमुख कारण हमारे दृढ़ विश्वास ( कोर बिलीफ ) हो सकते हैं क्योंकि हम इन विश्वासों को अटल सत्य मानते हैं फिर चाहे इनका कोई स्पष्ट आधार हो या नहीं हो। चाहे हम हमारे विश्वासों के मर्म ज्ञान से पूरी तरह अनभिज्ञ हों परंतु हमने इन्हे अपने जीवन का आधार बना रखा है। हम अपनी धार्मिक, पारंपरिक और सामाजिक मान्यताओं पर प्रश्न तक उठाने से कतराते हैं क्योंकि इन सब मान्यताओं को बनाए रखने वाली संस्थाओं पर प्रभावशाली लोगों ने एकाधिकार कर रखा है। ये शक्तिशाली लोग प्रत्यक्ष एवम् परोक्ष रूप से एक सामान्य व्यक्ति को बाध्य सा कर देते हैं कि वह अपने तथाकथित विश्वास तंत्र को अटल सत्य मानता रहे। यदि किन्ही परिस्थितियों के कारण यह बिलिफ सिस्टम टूटता है तो प्रभावित व्यक्ति दुख की स्थिति में प्रविष्ट हो जाता है।

अवसाद (डिप्रेशन) प्राथमिक तौर पर स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति या स्थिति के प्रति अति नकारात्मक रवैया होता है। इस नकारात्मकता के फलस्वरूप विपरीत परिस्थिति के आते ही प्रभावित व्यक्ति अवसाद में घिर सकता है। कितने ही तरह के पूर्वाग्रह मानव मन में अपनी जड़ें बनाए हुए हैं। सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, नश्लीय, आर्थिक और व्यवसायिक पूर्वाग्रह चेतन और अर्धचेतन मन को घेरे रहते हैं। मन वांछित फल प्राप्ति न होने पर असंख्य लोग अवसादग्रस्त होते देखे जाते हैं। परंतु ऐसा भी नहीं है कि अवसाद सिर्फ मनस्थिति के कारण ही होता है। जीवन की कितनी ही परिस्थितियां होती हैं जिनके कारण व्यक्ति बिखर सकता है और अवसादग्रस्त हो जाता है। परंतु जिन लोगों में नकारात्मक पूर्वाग्रह कम होते हैं या होते ही नहीं वे लोग अवसाद की स्थिति से जल्द ही बाहर आ सकते हैं।

यहां यह जानना भी आवश्यक है कि दुख और अवसाद पूरी तरह से अलग परिस्थिति नहीं हैं। एक दुखी व्यक्ति आसानी से अवसाद में घिर सकता है और अवसाद स्वयं दुख का एक बड़ा कारण हो सकता है। इन दोनों में अभिव्यापन (ओवरलैपिंग) होता रहता है। दुख कम करने या फिर अवसाद की धार को कुंद (ब्लंट) करने की औषधियां तो होती हैं पर उनके उपयोग की एक सीमा होती है। दोनों ही परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए संवाद और आत्मिक

# असहमति का अधिकार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



दिलीप शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

नरेंद्र मोदी श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर के अनुच्छेद 370 को हटाने की अहमियत बताते हुए थे। फारूख अब्दुल्ला ने असहमति जताई और सुप्रीम कोर्ट ने फैसले का समर्थन किया। भाजपा ने अपनी उपलब्धियों को दिखाया। प्रमुख पार्टियां विरोध करती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते गुरुवार को श्रीनगर में थे। संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद से यह उनकी पहली कश्मीर यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर फैसले की अहमियत बताई और इसके बाद के पांच वर्षों में हासिल उपलब्धियों का जिक्र किया। लेकिन नैशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला ने इसके बाद प्रधानमंत्री के दावों से असहमति जताई। संयोग से उसी दिन यानी गुरुवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि नागरिकों को अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने के फैसले की आलोचना करने का पूरा अधिकार है। गुरुवार को हुई ये घटनाएं भले अलग-अलग हुई हों और सीधे तौर पर एक-दूसरे से जुड़ी न दिख रही हों, लेकिन इनसे निकलने वाला संदेश अहम है। यह भारतीय लोकतंत्र में निहित व्यापकता की, विविधताओं के बीच गुंथी एकता के लिए बनी गुंजाइश की ओर संकेत करता है। संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म करने की मांग बहुत पुरानी थी। भाजपा शुरू से ही इस अनुच्छेद का विरोध करती रही है। हालांकि सर्वसम्मति नहीं बन पाने की वजह से भाजपा सत्ता में होने के बावजूद वाजपेयी सरकार के दौरान यह फैसला नहीं करवा पाई थी। ऐसे में स्वाभाविक है कि मौजूदा मोदी सरकार इसे अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखती है और अक्सर इस मसले पर आक्रामक रुख अपनाए नजर आती है। दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर की लगभग सभी प्रमुख पार्टियां इस फैसले का विरोध करती रही हैं। इस फैसले की संवैधानिक वैधता को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि कोर्ट ने फैसले को संवैधानिक तौर पर वैध करार दिया है, लेकिन फिर भी इन पार्टियों के नेता अपने रुख पर कायम हैं। इस बार भी इन दलों ने प्रधानमंत्री के दावों को गलत बताते हुए उनसे असहमति जताई। पेच यह है कि एक-दूसरे पर हमला करते हुए राजनीति की इन दोनों धाराओं के कुछ लोग एक-दूसरे की निष्ठा और देशभक्ति पर भी सवाल उठाने लगते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जो फैसला दिया है, वह इस संदर्भ में खासा अहम हो जाता है। अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को काला दिवस बताने से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसा करना कोई अपराध नहीं है। देश के हर नागरिक को इस फैसले से असहमति जताने, इस पर असंतोष प्रकट करने या इसका विरोध करने का पूरा अधिकार है। साफ है कि इस फैसले ने राजनीति की अलग-अलग धाराओं के लिए जगह सुनिश्चित करते हुए उनकी सीमाएं भी स्पष्ट कर दी हैं। इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट ने देश में संवैधानिक मूल्यों को मजबूती दी है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



गलतियां तो महापुरुषों से भी होती है, लेकिन गलती को स्वीकार करके प्रायश्चित करने से और फिर ऐसी गलती न हो, ऐसा निश्चय करने से उन दोषों से मुक्त हो जाते हैं। इसी तरह मैं सबसे होशियार हूं, दूसरे सब कमजोर हैं। यह भाव गुरुता ग्रंथि को यानि अहंकार को जन्म देता है। इसके कारण हम जाने-अनजाने दूसरों का तिरस्कार कर देते हैं। संसार में सबकी प्रकृति, उनका स्वभाव, अलग-अलग होता है, हमें सबके साथ सामांजस्य रखना पड़ता है। हम सोचते हैं हम सही हैं, दूसरे भी हमारी तरह ही करें। हम उन्हें सुधारने की चेष्टा करते हैं। किसी को भी सुधारने की शक्ति इस काल में किसी में नहीं है अत: दूसरों को सुधारने का प्रयत्न छोड़ दें। हम खुद सुधरने की चेष्टा करें दूसरों को सुधारने का प्रयत्न छोड़ दें। हम खुद सुधरेंगे तभी सामने वाला सुधर सकता है। हम दूसरों से आदर्श व्यवहार की अपेक्षा करते हैं मगर हम खुद वैसा नहीं करते। हमारा व्यवार संतुलित और आदर्श होना चाहिए। शुद्ध व्यवहार ही मानव धर्म है। हमारे अंदर कलुषित भाव ही न रहे तो सामने वाले में भी वैसे भाव नहीं रहते। जहां क्लेश होता है वहां भगवान नहीं रहते। घर में, बाहर, आपस में मतभेद हो सकता है किंतु मनभेद नहीं होना चाहिए। मतभेद से भी झगड़े होते हैं, चिन्ता होती है क्लेश होता है, अत: मतभेद दूर कर रहना चाहिए। क्लेश रहित जीवन जीना ही धर्म है। नियम और मर्यादा से ही व्यवहार शोभा देता है। इसलिए जरूरी है कि हम हमारी मर्यादा न तोड़े और सदा निर्मल रहें। **क्रमश:**

## माई व्यू

# गोपियों के नाथ- श्री गोपीनाथ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





नविता
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

गोपिका जीवन स्मरण गोविंदम गोविंदम" कृष्ण का एक नाम गोपीनाथ भी हैं गोपीनाथ याने ग्वालो और गोपियो के स्वामी। फाल्गुन मास का महत्व वैसे तो होली से है,परन्तु उत्तरी भारत में विशेष कर कृष्ण जन्मभूमि उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई भागों में फाल्गुन मास की विशेषता यह है कि, गुलाल, केसर की सुगंध से वातावरण सुगंधित रहता है। डफ, चंग और फाग की धुन में लोग प्रसन्नता से झूलते नाचते नजर आते हैं। मन कृष्ण, श्याम, गोपियों के नाथ के प्रति भक्ति प्रेम की भावना से ओत प्रोत रहता हैं। फाल्गुन के इसी भाव से प्रभावित आज हम कृष्ण के एक और देवस्थान श्री गोपीनाथ जी के बारे में कुछ अति रोचक और रहस्यमई जानकारी साझा कर रहे हैं। लोक कथाओ के अनुसार, श्री कृष्ण के प्रपोत्र वज्रनाथ ने अपने दादा श्री कृष्ण के विग्रह बनवाए जिसमे किसी विग्रह मन मुख, किसी में चरण किसी में भुजा और वक्ष स्थल तो किसी मिले कहते हैं एक ही दिन यदि इन तीनो विग्रह के दर्शन कर लिए जाए तो मानो आपने साक्षात श्री कृष्ण के दर्शन कर लिए, इन्ही विग्रह में से तीन विग्रह राजस्थान में विराजमान है । जो पहला विग्रह बना, वह मदन मोहन जी का था ,जो वर्तमान में करौली में स्थित है ,उनके चरण ठाकुर जी से मिलते हैं। दूसरा विग्रह गोपीनाथ जी का है जो जयपुर के पुरानी बस्ती में स्थित है उनके वक्ष स्थल और भुजाएं ठाकुर जी के समान है ,आखरी में तीसरा विग्रह गोविंद देव जी का बना जिनका मुखारविंद ठाकुर जी से मेल खाता है। मानता है कि यह तीनों ही विग्रह करें 5000 साल पुराने हैं । श्री गोपीनाथ जी की प्रतिमा यमुना किनारे वंशीघाट पर मिली थी 1669 तक गोपीनाथ जी वृंदावन में ही थे। जब औरंगजेब मंदिर तोड़ने लगा तो वहां के महंत ,ठाकुर जी को लेकर 1775 में जयपुर पहुंचे 17 साल तक (अभी के) जोरावर सिंह गेट स्थित नेशनल आयुर्वेद कॉलेज के स्थान पर विराजमान रहे और 1792 में उन्हें पुरानी बस्ती स्थिति वर्तमान मंदिर में स्थापित किया गया। भारत में अध्यात्म बड़ा शक्तिशाली है और यह आध्यात्म अंधविश्वास नहीं बहुत उन्नत विज्ञान पर आधारित है । कहते हैं गोपीनाथ जी के हाथ में हमेशा घड़ी रहती है इसके पीछे भी एक वाक्या जुड़ा है, आजादी से पहले एक अंग्रेज इस मंदिर में आया था जो भगवान को सिर्फ पत्थर की मूर्ति समझता था और भारत के लोगों को अंधविश्वासी का कर मजाक बना रहा था। उसका कहना था यदि इस कृष्णा विग्रह में प्राण है तो नब्ज से चलने वाली घड़ी विग्रह के पहनने पर भी चलेगी। ठाकुर जी के भक्तों ने चुनौती स्वीकारी और अंग्रेज ने ठाकुर जी को घड़ी पहना दी और आश्चर्य तब हुआ जब वह घड़ी चलने लगी और सही समय बताने लगी । यह देख अंग्रेज अफसर भी ठाकुर जी का भक्त बन गया। हालांकि वर्तमान में ठाकुर जी के हाथ में वह घड़ी नहीं है ,उसी का प्रतिरूप है । भक्त और भगवान के बीच आस्था और विश्वास के रिश्ते को दर्शाते श्री गोपीनाथ जी आज भी हमें भगवान, भक्ति और हमारी उन्नत संस्कृति के प्रति और प्रगाड विश्वास रखने की प्रेरणा देते हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार हे)*

## माई थॉट

# अपनी योग्यता व कौशल के दम पर महिलाएं रच रही सफलता का इतिहास



वंदना वजीरानी
प्रबंध निदेशक
@jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** अपनी योग्यता व कौशल के दम पर महिलाएं आज देश में हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान कायम रही है। अब वह धारण बदल चुकी है जिसमें महिला की सीमा घर तक सीमित मानी जाती थी। आज की महिलाएं पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के साथ पेशेवर क्षेत्र, व्यवसाय जगत और सेवा के क्षेत्र में भी निरन्तर सफलताएं हासिल कर अपनी पहचान बना रही है। हमारे देश की महिलायें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, सर्वोच्च न्यायालय की जज बन चुकी है। हवाई जहाज उड़ाने से लेकर अंतरिक्ष तक की यात्रा कर चुकी है। सेना में भी प्रवेश कर चुकी है। जिला कलक्टर से लेकर एसपी तक का दायित्व बखूबी निभा रही है। महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव लाना ही होगा। हमारा देश वास्तव में प्रगतिशील बने और समाज का सतत विकास हो तो मातृशक्ति की भी समान भूमिका देनी होगी।

(चित्तौड़गढ़ अरबन कोऑपरेटिव बैंक लि.)

## जागरूक जनता Selfie विद पौत्र



मनदीप सिंह पौत्र राजेन्द्र सिंह, कोटपूतली

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

### 17वां अंतरराष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

# 2 विदेशी समेत 134 जोड़े बनेंगे जीवनसाथी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा परशुराम भवन सेक्टर 4 विद्याधर नगर में 17वां अंतर्राष्ट्रीय विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। परिचय सम्मेलन की मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दीप प्रज्वलन एवं युगल दर्पण का विमोचन का शुरुआत की।

प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में भारत के सभी राज्यों के विवाह योग्य युवक युवती ने परिचय दिया। साथ ही, विदेश में रहने वाले समाज बंधु जैसे स्वीडन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कतर, इंग्लैंड से भी युवक-युवती ने वर्चुअल माध्यम से परिचय दिया। कार्यक्रम में दीया कुमारी ने बताया कि समाज में एकल परिवार की वजह से एक दूसरे से जुड़ने का परिचय सम्मेलन ही सबसे बढ़िया माध्यम है। योग्य युवक युवती को अपने मनचाहा वर वधु की तलाश परिचय सम्मेलन के माध्यम से पूर्ण होती है। इससे समाज बंधुओ को जोड़ने का मौका मिलता है। पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि परिचय सम्मेलन में 132 जोड़े के अलावा दो विदेशी है। 1500 से अधिक युवक युवती ने परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होकर अपना परिचय दिया शादियों मे कम खर्च के ऊपर भी समाज बंधुओ के बीच में चर्चा हुई। परिचय सम्मेलन में प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा युवा महासचिव राकेश तिलावत डॉ हेमचंद शर्मा इत्यादि ने अपना योगदान दिया एवं सेवाएं प्रदान की।



### हरितवाल का किया सम्मान

**जयपुर @ जागरूक जनता।** गोड़ ब्राह्मण महासभा पूर्व सयुक्त सचिव नगेन्द्र वशिष्ठ, गोड़ विप्र पूर्व अध्यक्ष दीपक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं भाई भाई ग्रुप के सयोजक वीरेंद्र शर्मा, नेता बजरंग लाल, ओम प्रकाश शर्मा ने हरितवाल का साफा, अंगवस्त्र पहना कर सम्मान किया।




## 'दोस्ती धमाल' की शूटिंग कोटा में, कौशल राज किशोर करेंगे निर्देशन

### अमित यादव और दिव्या जैन होंगे मुख्य किरदार में

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** गोमून फिल्म्स के तत्वावधान में बन रही फ़िल्म दोस्ती धमाल की शूटिंग शुरू होने की घोषणा अनबीटेबल डांस एकेडमी में की गई। इस मौके पर मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में बेहतरीन काम कर रहे फिल्म एक्टर-प्रोड्यूसर अमित यादव ने बताया कि ये फ़िल्म कौशल राज किशोर द्वारा निर्देशित की जा रही है। इस फ़िल्म में उसके साथ मशहूर फिटनेस मॉडल दिव्या जैन अभिनय करती नज़र आएंगी। फ़िल्म की कहानी के बारें में पूछने पर अमित ने बताया की ये फ़िल्म एक इमोशनल फ़िल्म है जो सच्ची दोस्ती के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित है। दोस्ती धमाल फ़िल्म में दोस्ती पर एक बेहद सुंदर गीत भी है जिसे कौशल राज किशोर ने लिखने के साथ अपनी मधुर आवाज़ भी दी है जिसमें जय शर्मा ने उनका साथ दिया है। फ़िल्म की शूटिंग कोटा की बेहतरीन लोकेशन पर की जाएगी। फ़िल्म में अमित यादव और दिव्या जैन के अलावा अन्य कलाकारों में कौशल राज किशोर, मधुलिका धर्मेंद्र, ऋषभ साहू ,चेतन सोनी, शोएब जैद, राजन धीरिया,जय शर्मा, जीपी मेहरा, कमल श्रृंगी, राज माखीजा, वर्सेटाइल प्रिंस, आदित्य गौतम, आशिक पठान, जैसे कोटा के बेहतरीन कलाकार फ़िल्म में नज़र आएंगे व साथ ही शुभम जैन भी मीडिया प्रभार का कार्य देख रहे है। ये फिल्म टेलीविजन पर प्रसारित होगी। फ़िल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 19 मार्च को

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**डूंगरपुर।** राजस्व अधिकारियों की समीक्षा एवं अवैध खनन संबंधी बैठक 19 मार्च को प्रातः 11 बजे ईडीपी हॉल जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर कुलराज मीणा ने बताया कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी नियत तिथि एवं समय पर समस्त सूचनाओं के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### पानी के बिल जमा करने की तिथि 29 मार्च तक बढ़ाई

**डूंगरपुर @ जागरूक जनता।** शहरी जल योजना डूंगरपुर के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2023 व फरवरी 2024 के पानी के बिलों के भुगतान करने की तिथि 15 मार्च से बढ़ाकर 29 मार्च की गई हैं। यह जानकारी जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता ने दी।



### रॉयल राजपूत क्षत्राणी संगठन की महिलाओं ने मनाया फागोत्सव

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** रायल राजपूत क्षत्राणी संगठन फागो उत्सव हाथीकुंड मंदिर में भव्य रूप से मनाया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्षा ज्योति सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष सुनीता कंवर, सह अध्यक्ष कृष्णा कंवर, नगर अध्यक्ष देवेंद्र कंवर, उपाध्यक्ष पल्लवी सिंह, कोषाध्यक्ष पारस चुण्डावत, दुर्गेश कंवर, वंदना चौहान, चांद कंवर, कुसुम कंवर, संगीता सिंह, पदाधिकारी क्षत्राणियों द्वारा फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी चित्तौड़गढ़ क्षत्राणियां सम्मलित हुई। कार्यक्रम में फाग गीत और भक्ती नृत्य के साथ फूलों से होली खेली गई और बच्चियों ने कृष्ण व गोपियों की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। सभी को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### विधायक आक्या की अनुशंसा पर स्वीकृति जारी करने पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार किया व्यक्त

**चित्तौड़गढ @ जागरूक जनता।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की अनुशंसा पर राजस्थान की उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने चितौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपए की सड़को के निर्माण की स्वीकृती जारी की है। विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत दिनों विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मिलकर चितौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र हेतु विभिन्न नई सड़को, क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत एवम् नई पुलियाओं के प्रस्ताव सौंपे थे, इसी क्रम में ये स्वीकृतियां जारी हुई है इसमें वार्ड 20 से देवनारायण मंदिर केलझर तक 1.7 किमी सड़क के लिए 82 लाख, बस्सी गर्वा घाटी से पूराने सोनगर तक 2.2 किमी सड़क के लिए 107 लाख रूपए, बस्सी टोल प्लाजा से प्रसिद्ध टुकड़ा माता मंदिर तक 1.00 किमी सड़क के लिए 50 लाख, घोसुंडा बाईपास 1.7 किमी के लिए 160 लाख रूपए, पालछा से जावद अठाना मार्ग पर 3.2 किमी सड़क के लिए 100 लाख रुपए की स्वीकृती जारी की गई है।

## पद्मश्री संत रमेश बाबा ने घोषित किया राज बाबा को अपना उत्तराधिकारी

### नृसिंह बाबा होंगे मान मंदिर के संरक्षक



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बरसाना (मथुरा)।** बरसाना स्थित श्रीमाताजी गऊ शाला के प्रधान और मान मंदिर के महंत पद्मश्री रमेश बाबा ने अपने उत्तराधिकारी को लेकर चल रही तमाम अटकलों को विराम देते हुए ब्रजशरणदास उर्फ राज बाबा को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। साथ ही नृसिंह बाबा को मान मंदिर का संरक्षक बना दिया। आपको बतादें कि रमेश बाबा का इन दिनों स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है।

ब्रह्मांचल पर्वत स्थित मान मंदिर में आयोजित पट्टाभिषेक कार्यक्रम के दौरान इस आशय की घोषणा की गई। पट्टाभिषेक कार्यक्रम के दौरान ब्रजमंडल के समस्त प्रमुख संत महंत और मंदिरों के सेवायतों ने चादर ओढ़ाकर अपना आशीर्वाद और बधाई दी। उत्तराधिकारी घोषित होते ही पुष्टिमार्ग के गोकुल के आचार्य पंकज बाबा महाराज, ब्रजाचार्यपीठ से कृष्णानंद शरण तैलंग, वृंदावन के चतुसम्प्रदाय के महंत फूल डोलदास महाराज, गोवर्धन से सियाराम बाबा, सुदामा कुटी प्रेम सरोवर के रामराज बाबा, बलराम बाबा, गिरी बाबा, विनोद बाबा के शिष्य पंडित बाबा, गोपाल बाबा, नंदबाबा मंदिर नंदगांव से रमेश चंद गोस्वामी, श्रीजी मंदिर बरसाना से प्रवीण गोस्वामी, गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदास, दाऊजी मंदिर बलदेव से रामकोटर, बांके बिहारी मंदिर से मुनीश शर्मा मलूक पीठ से गोपेश बाबा, उदज्जैन से पधारे शिवहरि महाराज आदि उपस्थित थे। ब्रज शरणदास उर्फ राज बाबा का संबंध एससीआर क्षेत्र से हैं। ये करीब 20 वर्ष से रमेश बाबा से जुड़े हैं। इस अवसर पर रमेश बाबा ने कहा कि मान मंदिर सेवा संस्थान की श्री माताजी गौशाला में इस समय 55 हजार गौवंश पल रहा है। आशा है राज बाबा ये संख्या एक लाख तक पहुंचाएंगे। मान मंदिर के वरिष्ठ सेवक सुनील सिंह इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि श्रीमाताजी गौशाला में चल रहे सीताराम विवाह महोत्सव के दौरान इसकी घोषणा की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राज बाबा को मान मंदिर सेवा संस्थान का महंत बनाया गया। रमेश बाबा वर्ष 1953 में प्रयागराज से ब्रज आए थे।

बरसाना में उन्होंने ब्रह्मांचल पर्वत के शिखर मानगढ़ को अपना स्थान बनाया। ब्रजशरण दास उर्फ राज बाबा दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के रने वाले हैं। उनकी दिल्ली में केमकिल की बड़ी फैक्ट्री थी। वह हर पूर्णिमा पर गोवर्धन में परिक्रमा को आते थे। उनका ब्रज में ऐसा मन लगा कि वे ब्रज के होकर रह गए। रमेश बाबा हर वर्ष नकिाली जाने वाला ब्रज चौरासी कोस की यात्रा में 2004 में शामलि हुए। बाबा ने गऊशाला खोलने की इच्छा जताई और 2007 में दो गायों के साथ गौशाला खोली। तब से आज तक ब्रजशरणदास ही उसकी देखरेख कर रहे थे। भक्तजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 52 वर्षीय ब्रजशरणदास की विशेषता है कि यह मधुकरी (भिक्षा) मांगकर ही भोजन करते हैं। गौशाला का केवल पानी पीते हैं। दूध और छाछ तक का की प्रयोग नहीं किया। यहां आने के बाद वे कभी ब्रज से बाहर नहीं गए।

# भारत बना सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वाला देश



### अमरीका-फ्रांस का निर्यात बढ़ा, रूस और चीन का घटा

**वैश्विक** स्तर पर देखें तो अमरीका अब भी दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश बना हुआ है। पिछले पांच सालों में अमरीका का हथियारों का एक्सपोर्ट 17 फीसदी बढ़ा है और वैश्विक निर्यात में उसकी हिस्सेदारी 34 फीसदी से बढ़कर 42 फीसदी हो गई है। हालांकि रूस और यक्रेन की जंग के बाद रूस की वैश्विक हथियार निर्यात में हिस्सेदारी 11 फीसदी रह गई है, जो कि 2014-18 के बीच 22 फीसदी थी। लिहाजा रूस हथियार बेचने में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। अमरीका पहले और 11 फीसदी वैश्विक हिस्सेदारी के साथ फ्रांस दूसरे स्थान पर काबिज है। पांच साल पहले फ्रांस की हिस्सेदारी 7.2 फीसदी थी। चौथे स्थान पर चीन है, जिसकी वैश्विक हथियार निर्यात में हिस्सेदारी 5.8 है। हालांकि पिछले पांच साल में इसमें 5.3 फीसदी की गिरावट देखी गई है।

### फ्रांस का हथियारों का निर्यात 5 साल में 47 फीसदी बढ़ा

**फ्रांस** का हथियार निर्यात 2014-18 और 2019-23 के बीच 47 फीसदी बढ़ा है। फ्रांस के हथियार का सबसे बड़ा खरीदार भारत रहा। फ्रांस के कुल निर्यात का करीब 30 फीसदी हथियार भारत ने खरीदे। हाल के समय में भारत ने फ्रांस से राफेल फाइटर जेट खरीदे हैं। वहीं, रूस का वैश्विक हथियार निर्यात 2014-18 और 2019-23 के बीच 53 फीसदी तक गिर गया है। 2019 में जहां रूस ने 31 देशों को हथियार बेचे थे, 2023 में सिर्फ 12 देशों ने रूसी हथियार खरीदे। रूस के हथियारों में 34 फीसदी भारत ने खरीदे।

### भारत बन गया सबसे बड़ा खरीदार

**पांच** सालों के हथियार खरीद पर गौर करें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। 2014-18 और 2019-23 के बीच भारत का हथियार आयात 4.7 फीसदी बढ़ा। 9.8 फीसदी हथियार आयात के साथ भारत दुनिया में पहले नंबर पर है। गिरावट के बाद भी भारत ने रूस से ही सबसे ज्यादा हथियार खरीदे। भारत के कुल हथियार आयात का यह 36 फीसदी रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 1960-64 के सोवियत समय के बाद यह पहली बार है जब भारत के हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 50 फीसदी से कम रही।

**नई दिल्ली।** भारत पिछले 5 वर्षों में दुनिया में सबसे अधिक हथियार भारत ने खरीदे हैं। स्वीडन की स्टॉकहोम इंटनरेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानी सिपरी की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि न सिर्फ भारत, बल्कि पिछले 5 वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। 2019-23 की अवधि में दुनिया के 10 सबसे बड़े हथियार आयातकों में से नौ एशिया और ओशिनिया या मध्य पूर्व के देशों से रहे। इनमें भारत समेत दुनिया तीन शीर्ष आयातक देश सऊदी अरब और कतर शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2022-23 की अवधि में 30 से अधिक राज्यों से प्रमुख हथियारों को हासिल करने के बाद यूक्रेन वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन गया। वहीं, यूक्रेन युद्ध के चलते यूरोप में भी हथियार खरीदने की होड़ में तेजी देखी जा रही है। यूरोप का हथियार आयात 2014-2018 की तुलना में 2019-2023 में दोगुना हो गया। इनमें से यूरोप को 55 फीसदी हथियार अमरीका से निर्यात किए गए। 2014 से 18 की अवधि में अमरीका की यूरोप को हथियार निर्यात में हिस्सेदारी 35 फीसदी थी।

### कंगाली में भी पाकिस्तान ने खरीदे हथियार

आटे दाल की किल्लत, रसोई गैस, पेट्रोल के आसमान छूते दाम, महंगाई और खत्म हो चुके विदेशी मुद्रा भंडार के बावजूद पाकिस्तान हथियार खरीदने में पीछे नहीं रहा है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के हथियार खरीदने में 43 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। माना जा रहा है कि पाकिस्तान को जो आर्थिक मदद या कर्ज आईएमएफ या अन्य माध्यमों से प्राप्त होती है, उस राशि का बड़ा उपयोग वह हथियारों को खरीदने में कर देता है। भारत ने इस बारे में अंतरराष्ट्रीय बैंकों को आगाह भी किया है। 2019-23 में पाकिस्तान दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा। सबसे ज्यादा 82 फीसदी हथियार पाकिस्तान ने चीन से खरीदे।

## जनस्वास्थ्य आरोग्य मंदिर की सुविधाओं की आमजन को दे रही जानकारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति (एनएचएम) एवं विकल्प इंडिया सोसाइटी, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में कोटा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार आईईसी स्पेशल-शो नुक्कड़ नाटक एवं दीवारों पर नारे लेखन के माध्यम से आमजन को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) क्षेत्रों में जन समुदाय में व्यापक प्रचार प्रसार कर मिलने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी उपलब्ध कराने हेतु स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक लोक कलाकारों के माध्यम से एचडब्ल्यूसी केंद्रों, पर आवश्यक सेवाओं एवं चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में अधिक से अधिक जानकारी देने के लिए सोसाइटी के प्रशिक्षित दलो द्वारा स्थानीय भाषा में स्वच्छ एवं स्पष्ट शब्दों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र)पर मिलने वाली सुविधाओं के विषय में आमजन को नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है,साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) क्षेत्रो में दीवारों पर नारे लेखन का कार्य किया जा रहा है सोसाइटी के अध्यक्ष संजय कटारा द्वारा बताया गया की कलाकारों को मानदेय, यात्रा भत्ता, प्रचार-प्रसार सामग्री, वाद्य यंत्र, वेशभूषा,फोटोग्राफी एवम वीडियो फिल्म के साथ कलाकार कोटा जिले के सुल्तानपुर, इटावा, चेचट (खैराबाद), लाडपुरा, सांगोद ब्लॉको के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपकेंद्र) क्षेत्रों पर प्रस्तुति देकर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, सोसायटी द्वारा कला जत्था के मूल्यांकन हेतु हरी प्रसाद अवस्थी, गौरव कुमार मिश्रा, वैभव मिश्रा उक्त कार्यो को देख रहे हैं।

# खाटूश्यामजी का मेला शुरू: 10 लाख भक्तों की भीड़ में भी एक घंटे में होंगे दर्शन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सीकर।** अगाध आस्था वाले खाटूश्यामजी के वार्षिक लक्खी मेले का आगाज सोमवार को हो गया है। मेले में पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई है। 11 दिवसीय मेले में देश-दुनिया से श्रद्धालु दर्शनों के लिए खाटू नगरी पहुंचेंगे। जिनकी पहली बार एआई तकनीक से गणना होगी। श्याम दर्शनों की राह भी इस बार काफी राहतभरी रहेगी। दर्शनों की सुगमता के लिए मेला कमेटी ने इस बार रूट चार्ट में एक नया सेक्टर जोड़ा है। मंदिर के नवनिर्माण के साथ इस नई व्यवस्था से अब 10 लाख की भीड़ जुटने पर भी भक्त अधिकतम एक घंटे में बाबा श्याम के दीदार कर सकेंगे। कम भीड़ होने पर इससे भी कम समय लगेगा।

### 20 घंटे के लिए बंद होंगे पट

मेला शुरू होने के साथ सोमवार को 20 घंटे के लिए मंदिर के पट बंद भी होंगे। श्याम बाबा के तिलक व विशेष श्रृंगार के लिए मंदिर के कपाट रात 10 बंद किए जाएंगे। जिन्हें मंगलवार को शाम छह बजे खोला जाएगा। ऐसे में इस बीच श्रद्धालु श्याम बाबा के दर्शन नहीं कर पाएंगे।

### 9 सेक्टर से राह होगी आसान

**श्याम** मंदिर तक आने-जाने की राह आसान करने के लिए प्रशासन ने मेला क्षेत्र का विस्तार कर इसे 9 सेक्टर में बांटते हुए मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। मंदिर के निकासी द्वार से निकलने वाले तीन रास्तों को मिलाकर इस बार एक नया सेक्टर बनाया गया है। जिनमें पहला रास्ता नए निकासी मार्ग से ग्वाड़ चौक में दो लेन के जरिए जाएगा। आठ लाइन का बड़ा रास्ता प्राचीन कानपुर धर्मशाला से मित्र मंडल राजू की चेन तक व तीसरा रास्ता दो लेन से पुराने निकासी मार्ग पूछताछ कार्यालय से कबूतर चौक तक जाएगा।

### 14 लाइनों पर एआई कैमरे करेंगे गिनती

**तिरुपति**, महाकाल, काशी विश्वनाथ और अयोध्या के बाद अब खाटूश्यामजी के मंदिर में भी एआई (आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस) तकनीक से श्रद्धालुओं की गणना होगी। इसके लिए मंदिर के प्रवेश द्वार पर बनाई गई 14 लाइनों पर अत्याधुनिक कैमरे लगाए जा रहे हैं। जो ऑटोमेटिक गणना करेंगे।





### मजिस्ट्रेट ने ली बैठक, दिए निर्देश

**फाल्गुनी** लक्खी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर रविवार को मेला मजिस्ट्रेट गोविंदसिंह भींचर ने दांतारामगढ़ उपखंड के पटवारी व गिरदावरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उन्हें सेक्टर की पूरी जानकारी लेकर हर व्यवस्था तथा घटना- दुर्घटना पर नजर रखने को कहा। पानी, शौचालय व साफ-सफाई पर विशेष नजर रखने की बात भी कही। सेक्टर में अधिकारी व कर्मचारियों के गैर हाजिर रहने पर तुरंत सूचित करने के निर्देश भी दिए। सीओ रींगस महावीर सिंह ने हर सेक्टर को अतिक्र मण मुक्त रखने के निर्देश देते हुए संपूर्ण मेले में डॉग स्क्वायड व एटीएस की टीम की 24 घंटे उपलब्धता की बात कही। दांतारामगढ़ तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत ने भी इस दौरान आवश्यक निर्देश दिए।

### 400 से ज्यादा लगेंगे भंडारे, 5 हजार पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**खाटूश्यामजी** के मेले में खान-पान व श्रद्धालुओं की सेवा के लिए छोटे- बड़े 300 से ज्यादा भंडारे लगेंगे। जिनमें कुछ पूरे मेले में तो ज्यादातर एक से पांच दिवसीय होंगे। मेले में सुरक्षा के लिए पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

### बाबा को लगेगा 2 लाख क्विंटल से भी अधिक मावे का प्रसाद

**प्रसाद** के दुकानदारों के अनुसार बाबा श्याम के मेले में दो लाख क्विंटल से भी अधिक मावे का प्रसाद बिकेगा। मेले में स्थाई व अस्थाई एक हजार से भी ज्यादा दुकानें लगेगी। प्रसाद के लिए डिब्बे तैयार करने के व्यापार ने भी जोर पकड़ रखा है।

### 170 चिकित्साकर्मी देंगे सेवाएं

**मेले** में 46 चिकित्सक सहित कुल 170 चिकित्साकर्मी सेवाएं देंगे। चिकित्सा विभाग की ओर से मेला क्षेत्र में जगह-जगह शिविर आयोजित होंगे। जहां चिकित्साकर्मी 24 घंटे सेवाएं देंगे। चिकित्सा शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह भी खाटू पहुंचे। उन्होंने बताया कि मेले के नोडल अधिकारी जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गढ़वाल को बनाया गया है। इसके अलावा मेला सह प्रभारी भी बनाएं गए है। मेले में चार 108 एम्बुलेंस, 2 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस तैनात की गई है। जिनकी संख्या आगामी दिनों में बढाई जाएगी।

### सीकर से खाटू किराया 60 रुपए तय

**खाटूश्यामजी** मेले के लिए ई-रिक्शा व बसों का किराया भी तय किया गया है। इस संबंध में ट्रैफिक डिप्टी सुशील मान की अध्यक्षता में हुई बैठक में थानाप्रभारी ने ई- रिक्शा प्रति सवारी 50 किराया निर्धारित किया गया है। वे 52 बीघा सरकारी पार्किंग से नगरपालिका के पीछे से अलोदा तिराहा से पीडब्ल्यूडी मोड़ तक के रूट पर ही चलेंगे। रिक्शे पर मोबाइल नंबर व टोकन नंबर का बैनर लगाना अनिवार्य किया गया है। निजी बसों का भी सीकर से खाटू का किराया 60 रुपए तय किया गया है। इसी तरह रींगस- खाटू का 50, जयपुर-खाटू का 170 नॉन ऐसी बस व 200 रुपए शुल्क ऐसी बस का निर्धारित किया गया।

### रींगस से खाटूमार्ग नो व्हीकल जोन घोषित

**मेले** से पहले कलक्टर ने रींगस से खाटूश्यामजी मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। मेला मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस मार्ग पर केवल पद यात्री ही चल सकेंगे।

# अब सरकारी स्कूल के बाल-गोपालों को मिलेगा गाय का दूध

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में मिड डे मील में राज्य सरकार ने बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत सरकारी स्कूलों में पाउडर वाले दूध की जगह अब गाय का ताजा दूध पिलाया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा अशोक कुमार असीजा ने आदेश जारी किए है। साथ ही स्कूलों में स्वच्छता को लेकर भी विशेष आदेश जारी कर शौचालयों में नियमित साफ़-सफ़ाई रखने के निर्देश दिए हैं।



### पिछले 3-4 माह से नहीं मिल रहा था दूध

पिछले करीब 3-4 महीनों से स्कूलों में मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के तहत दूध पाउडर की सप्लाई नहीं हो रही थी। इससे प्रदेश के 80 फीसदी से ज्यादा स्कूलों में बच्चों को दूध नहीं मिल पा रहा था। बाकी स्कूलों में भी पाउडर का स्टॉक काफी कम बचा था। ऐसे में दूध पाउडर के लिए उच्च अधिकारियों को मांग भेजी गई थी। वहीं, शिक्षकों ने बच्चों को गाय ताजा दूध ही पिलाने की मांग भी की थी। अब गाय का दूध मिलने से उदयपुर के 3165 स्कूलों के 4 लाख 2 हजार 161 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

### 2022 में शुरू हुई थी योजना

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बाल गोपाल योजना की शुरुआत 29 नवंबर, 2022 को की थी। इसमें कक्षा एक से पांच तक के छात्र-छात्राओं के लिए 15 ग्राम पाउडर दूध से 150 मिलीलीटर दूध और क्लास 6 से क्लास 8 के बच्चों के लिए 20 ग्राम पाउडर दूध से 200 मिलीलीटर दूध उपलब्ध होता था लेकिन अब पाउडर दूध की जगह बच्चों को गो का ताजा दूध पिलाया जाएगा। बाल गोपाल योजना के तहत मिड डे मील से जुड़े जिले के प्राइमरी विद्यालय, मदरसों और विशेष प्रशिक्षण केंद्रों पर राज्य सरकार की तरफ से दूध उपलब्ध करवाया जाता है।

### बहुत ही सराहनीय निर्णय

गाय का ताजा दूध बच्चों के स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक होता है। सरकार का यह निर्णय बहुत ही उपयोगी व सकारात्मक है। पाउडर दूध को बच्चे पीने में भी हिचक महसूस करते थे। बच्चों के हित में लिया गया यह बहुत बड़ा फैसला ऊपर की कमीशनखोरी को कम करने का भी उपाय है।

- **बसन्त कुमार ज्याणी**, प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ, रेस्टा

## जागरूक कार्यक्रम में महिलाएं हुई सम्मानित



**अलवर @ जागरूक जनता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्षय में नाबार्ड और सखी महिला मिल्क प्रोडक्शन की ओर से होटल स्वरूप विलास में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह में विशेष कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। नाबार्ड के अलवर में सहायक महाप्रबंधक प्रदीप चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से बनाए जाने वाले उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। वन मंत्री संजय शर्मा की ओर से प्रर्दशनी का अवलोकन भी किया गया।

## शिव भक्ति संग नारी शक्ति सम्मान



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि के अवसर पर नारायण सेवा संस्थान में शिव भक्ति एवं नारी शक्ति सम्मान का समारोह संपन्न हुआ। निदेशक वंदना अग्रवाल के सानिध्य में गुरुकुल के विद्यार्थी व दिव्यांग बालक-बालिकाओं ने शिव की पूजा की और विभिन्न भजनों पर प्रस्तुतियां दी। इसके बाद अग्रवाल ने नारी शक्ति सम्मान में रोगी सेवा क्षेत्र में रेखा बम्बोरिया, हिमानी परमार, शाहिना बानू तथा शिक्षा सहयोगी आरती रावत, प्रियंका, पिंकी, प्रतिभा, और अतिथि देवो भवः परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए और दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली रेखा पुष्करणा, स्वाति सोमानी, गायत्री सिंह, इंद्रा डांगी, सोनू चूण्डावत, सीता मेनारिया, पूजा चौहान, डिम्पल पटेल, हेमलता, सुमन आदि का प्रशस्ति पत्र, शॉल, साफा और उपरणा भेंटकर अभिनंदन किया।

## नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** नेहरू युवा केंद्र जोधपुर युवा एवं खेल मंत्रालय जोधपुर द्वारा 50 वे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर फलोदी पंचायत समिति पर नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बारु सरपंच तनेराव सिंह व शारीरिक शिक्षक श्रवण सिंह के द्वारा किया गया। महिलाओं को उत्साह वर्धन के लिए 500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम स्थान पर खम्मा दूसरे स्थान पर केलम तृतीय स्थान धाफू कंवर रही । सरपंच तनेराव सिंह ने संबोधन देते हुए उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य है महिलाओं शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना। फिटनेस के जरिए महिला सशक्तिकरण को बढावा देना। महिला प्रतिभागियों टी शर्ट और कप भी प्रदान किए गए हैं।

## हवन-यज्ञ से शुरू हुआ चुनाव कार्यालय



**अलवर @ जागरूक जनता।** केन्द्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के चुनाव कार्यालय का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ हुआ। यादव ने शहर के मोती डूंगरी पर मुख्य चुनाव कार्यालय खोला है। शुभारंभ अवसर पर मंत्री संजय शर्मा, विधायक डॉ. जसवंत यादव, बालकनाथ योगी, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी सहित भाजपा के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा ने अलवर लोकसभा सीट से भूपेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया है। मीडिया से बातचीत में भूपेंद्र यादव ने कहा कि विकसित भारत के लिए इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में फिर से सरकार बनेगी।

राजकीय/ निजी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# आरबीएसके से रूबरू हो रही गाँव-ढाणी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बूंदी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बूंदी व विकल्प इंडिया सोसायटी जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत बूंदी जिले के समस्त राजकीय/ निजी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके जरिए विद्यालयों व आंगनवाड़ी के विधार्थियो को एवं किशोर किशोरियों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के लाभों के बारे में पंपलेट, बैनर, स्लाइड प्रेजेंटेशन, चित्रकला प्रतियोगिता, इनाम वितरण के जरिए अवगत कराया जा रहा है जिले में सोसायटी के बतौर परियोजना अधिकारी गौरव कुमार मिश्रा, वैभव मिश्रा, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, प्रेम प्रकाश परियोजना का संचालन कर रहे हैं सोसायटी अध्यक्ष संजय कटारा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) प्रारंभिक जांच और उपचार द्वारा बच्चो में अधिक गंभीर दुर्बलता उत्पन्न करने वाले कारणों को रोका जा सकता है स्वास्थ्य मंत्रालय एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत की गई एक नई पहल है, आरबीएसके कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चो के जीवन की समग्र गुणवता में सुधार करना, मृत्यु दर और रुग्णता दर को कम करना, बचपन में प्रचलित बीमारियों की शीघ्र पहचान करना है, आरबीएसके द्वारा 0 से 18 वर्ष तक के बच्चो में 4 डीएस जन्म के समय दोष, बीमारियां, कमियां और विकलांगता सहित विकास में देरी की जांच करना है जिन बालको में बीमारी का पता चलता है उनका इलाज (एनएचएम) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत तृतीय स्तर पर सर्जरी सहित अनुवर्ती कारवाही मुफ्त में की जाती है।

## खाटूश्याम जी लक्खी मेले के लिए विशेष ट्रेन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सीकर।** खाटू श्याम जी का मेला शुरू हो गया है। मेले में शुरुआती कुछ घंटों में ही हजारों भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन का लाभ प्राप्त कर लिया है। देश भर के कई राज्यों से पद यात्राओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा बंदोबस्त पूरी तरह से सख्त कर दिए हैं। पहली बार इस मेले में ए आई का प्रयोग किया जा रहा है। एआई लगे सीसीटीवी कैमरों से भारी भीड़ में भी संदिग्ध नजर आ जाएंगे। इन सबके बीच अब रेलवे ने भी मेले में अपनी ओर से भक्तों की सुविधा की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के मुताबिक खाटू जाने वाले भक्तों के लिए कुछ सुविधाएं की गई है। रेवाड़ी-रींग्स- रेवाड़ी स्पेशल ट्रेन 12 मार्च से 22 मार्च के 11 ट्रिप लेगी। इस दौरान हर कोच में सुरक्षा का पूरा बंदोबस्त होगा। यह ट्रेन रास्ते में कुंड, अटेली, नारनौल, निजामपुर, डाबला, नीम का थाना, कावंट और श्रीमाधोपुर स्टेशन पर ठहरेगी। इस ट्रेन में डेमू रैक के 16 डिब्बे होंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार खाटू के दरबार में सबसे ज्यादा भक्त आने का अनुमान लगाया जा रहा है। यह संख्या सत्तर लाख से भी ज्यादा पहुंच सकती है। बारह दिन चलने वाले इस मेले में देश के कई राज्यों के अलावा विदेशों से भी फूल मंगवाए जाते हैं। इन फूलों से बाबा का अनोखा श्रृंगार किया जाता है। खाटू श्याम जी के आने वाले भक्तों के लिए रास्ते में भंडारे भी लगाए जाते हैं।

ग्रामोदय विवि का 11वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

## 68 को पीएचडी उपाधि और 832 को मिली डिग्री




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट का दीक्षांत समारोह विवेकानंद सभागार में पूरी गरिमा और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ। 68 शोध कर्ताओं को पीएचडी उपाधि और 832 स्नातक परास्नातक छात्र छात्राओं को प्रदान की गई डिग्री। 40 टापर छात्र छात्राओं को मैडल प्रदान किए गए। कृषि स्नातक छात्रा श्रेया तिवारी को नाना जी देशमुख स्मृति मेडल , एवं अन्य मेधावी छात्र छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया गया जिनमे से कुछ जानवी सिन्हा(बी वॉक), प्रिया पांडेय (कृषि), हर्षित(बी कॉम), पूर्वी राय, शिखा राव, आदि थे। आनंदम धाम पीठ वृन्दावन के पीठाधीश्वर रितेश्वर महाराज मुख्य अतिथि रहे। कुशा भाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो बलदेव भाई शर्मा विशिष्ट अतिथि रहें । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति विश्व विद्यालय अमरकंटक के कुलपति प्रो प्रकाश मणि त्रिपाठी दीक्षांत उद्बोधन दिया। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने अध्यक्षता की। कुलसचिव नीरजा नामदेव ने प्रगति प्रतिवेदन और स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। सत्र संचालन उप कुलसचिव अकादमी डॉ कुसुम कुमारी सिंह ने किया।

यूनिवार्सिटी ऑफ़ कॉलेज होम्योपेथी के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

# होम्योपेथी चिकित्सा करती है बीमारी को झड़ से समाप्त-न्यायाधीश कुंतल जैन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**केकड़ी।** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होमियोपैथी, केकड़ी के द्वारा कोर्ट परिसर में स्थित अभिभाषक कक्ष में नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कर दवाई का वितरण किया गया।इस मौके पर अपर जिला न्यायाधीश कुंतल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेश कुमार करोल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिरल मीणा, अभियोजन अधिकारी लालचंद कांसोटिया,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम अवतार मीणा, एडवोकेट नवल किशोर पारीक, एडवोकेट मनोज आहूजा सहित कई अधिवक्ताओं, मुंशी गण सहित स्टांप वेंडर, टाइपिस्ट, न्यायिक कर्मचारियों कर्मचारियों सहित पक्षकारों व उनके परिवार जनों ने स्वास्थ्य परिक्षण करवाते हुए होम्योपेथी चिकित्सा पद्धति को जाना व समझा। इस मौके पर न्यायाधीश कुंतल जैन ने कहा कि होम्योपेथी पद्धति के माध्यम से बीमारी की झड़ को समाप्त किया जाता है। शिविर में शामिल चिकित्सकों की टीम में शिविर चिकित्सा प्रभारी डॉ.अंशुल चाहर,सह आचार्य ऑरगेनन ऑफ़ मेडिसिन विभाग डॉ.कनुप्रिया,सह आचार्य फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग डॉ. गौरव गुप्ता एवं कम्पाउण्डर आनंदीलाल, प्रयोगशाला सहायक नौरत बैरवा शामिल थे।

जिन्होंने अपनी सराहनीय सेवाएं दी तथा होम्योपेथी पद्धति के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए उसका महत्त्व बताया।इस शिविर के माध्यम से कुल 120 जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया,साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकों की टीम ने हेल्थ टिप्स एवं जीवन शैली से संबंधित विकारों से बचने के उपायों के बारे में भी अवगत कराया।शिविर समापन के अवसर पर बार अध्यक्ष रामवतार मीणा, उपाध्यक्ष घनश्याम वैष्णव, पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़, मगन लाल लोधा, हेमंत जैन,नवल किशोर पारीक, डॉ. मनोज आहूजा, गजराज सिंह कानावत सहित अधिवक्तागण ने सभी चिकित्सकों को उनके समर्पण एवं सेवा भाव के लिए धनयवाद दिया।इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं चिकित्सालय अधीक्षक डॉ.पुनीत आर शाह ने सभी चिकित्सकों का उत्साहवर्धन किया।

## कुशल कार्य निष्पादन पर जिला कलक्टर चौहान सम्मानित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**केकड़ी।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जनता तक लाभ पहुंचाने के लिए संचालित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कुशल कार्य निष्पादन पर जिला कलक्टर श्वेता चौहान को सम्मानित किया गया है। चौहान को यह सम्मान केकड़ी जिला कलक्टर के रूप में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांशु पंत द्वारा प्रदान किया गया है। उनके कुशल मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में पंजीकृत करते हुए आमजन को लाभान्वित किया गया। मुख्य सचिव द्वारा श्वेता चौहान को सम्मानित करने पर जिला प्रशासन केकड़ी के अधिकारियों और कार्मिकों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार तालुका स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हेतराम मूण्ड वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षत राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण 69, एनआईएक्ट 38, भरण पोषण संबंधी 6 एवं 7 सिविल मामलों का निस्तारण किया गया। तथा 58 प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण भी किया गया ।

# अब मातृभाषा में होगी प्राथमिक कक्षाओं की पढ़ाई

## प्याज को कांदा और अमरूद को पढ़ेंगे जामफल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** जिले में अब सरकारी स्कूलों के बच्चे अमरूद को जामफल, प्याज को कांदा, पहाड़ को टेकरी और बकरी को छ्याळी पढ़ते हुए दिखेंगे। नई शिक्षा नीति में बदलाव करते हुए प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा पर जोर देने की नीति लागू करने से ऐसा होगा। इसके लिए आरएससीईआरटी ने प्रदेश में संभागवार भाषाई सर्वे करा लिया है। अब स्थानीय बोली व भाषाओं के आधार पर शब्दकोष तैयार करा पाठ्यक्रम तैयार करने की कवायद की जा रही है। इससे आगामी सत्रों में लागू किया जाएगा।

### शाला दर्पण पर मैपिंग

नई शिक्षा नीति के तहत भाषाई आधार पर सर्वेक्षण पूरा कर शाला दर्पण पर मैपिंग कर ली गई है। स्थानीय बोलियों व भाषाओं के आधार पर शब्दकोष तैयार कर उनके आधार पर पाठ्यक्रम तैयार करना प्रस्तावित है।



**अगले सत्र से शुरू होगा पाठ्यक्रम**

### बच्चों से पूछा-घर पर क्या बोलते हो...

नई शिक्षा नीति के तहत सर्वे में कक्षा एक के बच्चों व उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों की भाषा की जानकारी ली है। इसमें बच्चों के नाम के साथ उनके घर की भाषा, शिक्षक की भाषा, स्कूल का माध्यम, माध्यम भाषा को समझने व बोलने की विद्यार्थियों की क्षमता के स्तर आदि का सर्वे कर उसे शाला दर्पण पर अपलोड कराया गया था।

### यूनेस्को करता है मातृभाषा की पैरवी

**विश्व** के कई देश मातृभाषा में शिक्षा दे रहे हैं। इनमें जापान, जर्मनी, इटली, इजराइल, चीन, रूस सहित कई देश शामिल हैं। यूनेस्को भी मातृभाषा में पढ़ाई की पैरवी कर चुका है। कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध भी पढ़ने-समझने के लिहाज से मातृभाषा में शिक्षा की वकालत कर चुके हैं। जिसके बाद से कई देश इस पर काम कर रहे हैं।

## सरिस्का में पर्यटक इस बार जल्दी देख सकेंगे मोर नृत्य

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अलवर।** एशिया में सबसे ज्यादा मोर सरिस्का में पाए जाते हैं। ये मोर पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। सफारी के सामने आकर ये नृत्य करते हैं। मोर का ये नृत्य मई व जून माह में देखने को मिलता है, लेकिन इस बार पहले ही पर्यटकों को देखने को मिलेगा। मोर पंख आने की प्रक्रिया 70 फीसदी तक पूरी हो गई है। इस बार पंखों के जल्दी आने का साफ कारण तो सामने नहीं आया है, लेकिन मौसम के अलावा मोर के हार्मोन में बदलाव के कारण ऐसा हो सकता है।

### 5 लाख से ज्यादा हैं मोर

सरिस्का में टाइगर व अन्य जानवरों के लिए ही नहीं जाना जाता। यहां यहां सर्वाधिक संख्या पक्षियों की है, जिसमें मोर बहुतायत में हैं। बताते हैं कि मोरों की संख्या 5 लाख से भी ज्यादा है। ये जगह मोर के लिए मुफीद है। उसका कारण ये है कि उनको आहार आसानी से यहां मिल जाता है और जंगल ही उसका असली घर होता है। ऐसे में वह आजादी से घूमता है। सरिस्का के सीनियर गाइड रामोतार मीणा कहते हैं कि मोर के लिए सरिस्का जाना जाता है। पर्यटकों को ये सबसे ज्यादा भाते हैं। गाडियों के सामने आकर मोर जब नृत्य करता है तो पर्यटक मोबाइल या कैमरों से फोटो और वीडियो तक बनाते हैं।

### ये है मोर का पसंदीदा आहार

उनका कहना है कि मोर हर साल अक्टूबर माह में पंख गिराते हैं और ये पंख फरवरी से आने शुरू होते हैं जो अप्रेल तक आ जाते हैं। मोर का असली नृत्य जून में देखने को मिलता है। इस बार मोर पंख तेजी से आए हैं। यहां नर व मादा मोर हैं। मोर सर्वाहारी हैं। वे मांस और वनस्पति दोनों में से लगभग कुछ भी खा सकते हैं। जंगली मोर फल, जामुन, अनाज, छोटे स्तनधारी, सरीसृप, छोटे सांप और कीड़े खाते हैं।

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................................................................................

पता : ....................................................................................

....................................................................................

फोन .................................................... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) .............................................. बैंक का नाम ..................................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ......................................................रसीद क्रं. ........................


दिनांक ...................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26




संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

# देश दुनिया की 32 चयनित अग्र विभूतियों का होगा सम्मान

## अंतर्राष्ट्रीय प्रथम अग्र विभूति अलंकरण राष्ट्रीय आयोजन समिति एवं वृहत्तर कोलकाता समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित होगा कार्यक्रम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन अध्यक्ष



राज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे प्रथम अग्र अलंकरण समारोह कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अग्र विभूति सम्मान समारोह 2024 कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज का एक बड़ा आयोजन होगा, जिसमें समाज की बहुमुखी प्रतिभाओं से विधिवत्त आवेदन उनकी उपलब्धियो एवं सफलता को लेकर आमंत्रित किए जाएंगे तथा प्रायोजकों द्वारा प्रत्येक पुरस्कार अलग-अलग क्षेत्र में अग्रवाल समाज के सभी वर्ग के लोगों के लिए होगा, जिसमें समाज के अंतिम छोर का व्यक्ति भी इस सम्मान के लिए पात्र होगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अहम भूमिका में उपाध्यक्ष मीना गोयल विराटनगर, सचिव प्रदीप कुमार सराफ जामुरिया, कोषाध्यक्ष गणेश भरतिया रानीगंज कृष्ण कन्हैया गोयल मुख्य संरक्षक अग्र अलंकरण शक्ति, उमा बंसल राष्ट्रीय संयोजक अग्र अलंकरण ,संगीता सेकसरिया सह संयोजक अग्र अलंकरण कोलकाता, सीए अरुण गुप्ता सह संयोजक अग्र अलंकरण दिल्ली, राष्ट्रीय संयोजक संगठन अजय कांत गर्ग मथुरा, मनीषा मित्तल राष्ट्रीय संगठन प्रभारी सिमडेगा, कृष्णा भिवानी वाला राष्ट्रीय सलाहकार कोलकाता,डॉक्टर सरिता अग्रवाल मुख्य समन्वयक राष्ट्रीय सलाहकार परिषद हरिद्वार, डॉक्टर अनीता अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला इकाई, उषा केडिया संपादक अग्र ज्योति मासिक संदेश मैसूर, पी डी अग्रवाल चेयरमैन दिल्ली एन सी आर प्रदेश इकाई दिल्ली,मनीषा काजरिया, अध्यक्ष गुजरात प्रदेश महिला इकाई सूरत, पायल अग्रवाल अधिवक्ता राष्ट्रीय संयोजक जन जागरण कार्यक्रम अहमदाबाद,पवन कुमार मित्तल राष्ट्रीय संयोजक वैवाहिक परिचय सम्मेलन जयपुर,विवेक अग्रवाल ( जी एल ए ) अध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा इकाई मथुरा,धर्मशील अग्रवाल प्रदेश संयोजक व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम लखनऊ, सुनील रामदास अग्रवाल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई रायपुर,बाबू लाल अग्रवाल अधिकता राष्ट्रीय संयोजक सदस्यता वृद्धि अभियान रायगढ़,शिव शंकर अग्रवाला पर्दा वाला राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रायपुर, जुगल किशोर सुल्तानिया मुख्य संयोजक ओडिसा प्रदेश इकाई झरसुगडा, विनोद जालान, संयोजक रक्तदान एवं जागरूकता अभियान उत्तर बंग सिक्किम प्रांतीय इकाई सिलीगुड़ी, राधेश्याम अग्रवाल अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश इकाई जयपुर,राम चरण बंसल अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश इकाई नागपुर,महेश गुप्ता अध्यक्ष पंजाब प्रदेश इकाई जालंधर, बुद्धिश अग्रवाला प्रभारी पंजाब प्रदेश इकाई बटाला,विनोद गुप्ता संयोजक हरियाणा प्रदेश इकाई चरखी दादरी,राज कुमार अग्रवाल ज्योतिषाचार्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंदौर, श्रवण कुमार देबुका अध्यक्ष कोल्हान प्रमंडल इकाई जमशेदपुर,नारायण प्रसाद साह अध्यक्ष विहार प्रदेश इकाई पटना, राकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष तमिलनाडु प्रदेश इकाई चेन्नई, विनोद अग्रवाल कोर कमेटी सदस्य ईटहरी, नेपाल, राजीव कुमार केजरीवाल संयोजक उत्तर बिहार प्रांतीय इकाई मुजफरपुर, अशोक भारती गोयल अध्यक्ष लुधियाना जिला इकाई पंजाब अपने अपने स्तर पर समाज के प्रतिभावान सदस्यों द्वाराआवेदन पत्रों को भर्ती करवाने हेतु एवं भव्यता प्रदान हेतुदिन रात प्रयत्नशील हैं।

## जागरूक खबरें

### 6 नए अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर के लिए सन्दीप तनेजा, विज्ञान शाह एवं राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के लिए राजेश पंवार, महावीर विश्नोई, मनीष को तथा उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के लिए शिवमंगल शर्मा को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त अर्चित बोहरा, राकेश कुमार बैरवा, शिवम चौहान एवं ललित पारीक को भी राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर व जोधपुर के लिए अतिरिक्त/डिप्टी/ असिस्टेंट गोवर्मेन्ट काउंसिल नियुक्त किया गया। इसी प्रकार उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के लिए निधि जसवाल को एडवोकेट ऑन रिकार्ड तथा सौरभ राजपाल, दिव्यांक पंवार, क्षितिज मित्तल, अनिशा रस्तोगी को पेनल लॉयर के रूप में नियुक्त किया गया।

### 14 मार्च को होगा आरटीडीसी कॉन्क्लेव का आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) द्वारा 14 मार्च को जयपुर में कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। आरटडीसी की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल ने बताया कि कॉन्क्लेव सायं पांच बजे, पड़ाव कैफेटेरिया, नाहरगढ़ जयपुर पर आयोजित होगा जिसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं देवस्थान एवं गोपालन मंत्री जोरा राम कुमावत विशिष्ट अतिथि होंगे।

### जयपुर में बुधवार से होगी मेटल के स्कल्पचर पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में मेटल के स्कल्पचर पर सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला बुधवार से शुरु होगी। कार्यशाला के संयोजक राजकुमार पंडित ने बताया कि इसका उदघाटन पूर्वाह्न ग्यारह बजे पदमश्री राजेंद्र टिकु करेंगे।

# नायब सिंह सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

## सूबे के 11वें सीएम के तौर पर ली शपथ



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** हरियाणा की राजनीति में मंगलवार का दिन काफी उथल-पुथल भरा रहा। पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दिया और अब कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सैनी ने शाम करीब 5.30 बजे राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ ही कई नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली।

### कौन हैं नायब सैनी?

मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे के बाद हुई विधायक दल की बैठक में हरियाणा के अगले सीएम के नाम का ऐलान हो गया। विधायक दल की बैठक में नायब सिंह सैनी के नाम पर मुहर लग गई। आइए जानते हैं हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बारे में। नायब सिंह सैनी को साल 1996 में राज्य में भाजपा संगठन की जिम्मेदारी दी गई थी। साल 2002 में उन्हें भाजयुमो का जिला महामंत्री बनाया गया। 2012 में सैनी अंबाला भाजपा का अध्यक्ष बने। इसके बाद सैनी लगातार बढ़ते गए। नायब सैनी 2014 में नारायणगढ़ से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। साल 2016 में सैनी को खट्टर सरकार में राज्य मंत्री भी बनाया गया था।

### भाजपा ने सभी निर्दलीय विधायकों का समर्थन पत्र लिया

बता दें कि हरियाणा विधानसभा की 90 में से 41 सीटें भाजपा के पास है। इसके साथ ही सूत्रों की मानें तो भाजपा ने सभी निर्दलीय विधायकों के समर्थन पत्र भी ले लिए हैं। वहीं हरियाणा में कांग्रेस के 30, जेजेपी के 10, हरियाणा लोकहित पार्टी का एक और छह निर्दलीय विधायक हैं। यहां सरकार गठन के लिए 46 विधायकों की जरूरत है।

# रोडवेज कर्मचारियों ने वेतन को लेकर बस स्टैंड पर किया प्रदर्शन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अलवर।** शहर केंद्रीय बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारियों ने वेतन को लेकर प्रदर्शन किया डिप्टी जनरल सेक्रेटरी एटक यूनियन के संजय चौधरी ने बताया आज जो प्रदर्शन किया जा रहा है कोई नया प्रदर्शन नहीं है कर्मचारियों के साथ वेतन और पेंशन का भुगतान होना चाहिए अभी तक वेतन पेंशन नहीं आया इस कारण से आज यहां पर अलवर मत्स्य नगर आगार के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है क्योंकि इस महंगाई के जमाने में परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल है उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से रोडवेज में भर्तियां नहीं हो रही है नई बसों की खरीद भी नहीं हो पा रही है अगर भर्ती ली जा रही है तो अनुबंध पर ली जा रही है रोडवेज कैसे चलेगी उन्होंने सरकार से मांग की




कर्मचारियों को वेतन और पेंशन का भुगतान समय पर किया जाए और रोडवेज की बसें खरीदी जाए और भर्ती कि जाय जैसे राजस्थान की जनता को सुलभ हो यात्रा कराई जाए और सुरक्षित की जाए क्योंकि आज की तारीख में जो अनुबंध की गाड़ी है उनके साथ देख लो अंडर ट्रेनिंग ड्राइवर होते हैं और लगातार रोडवेज के अंदर हर डिपो मे 50% तक अनुबंध की गाड़ी होती है जिसके कारण आए दिन दुर्घटना बढ़ रही है।

# मुख्यमंत्री ने न्यायिक अधिकारियों को दी विभिन्न बहुप्रतिक्षित सौगातें

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार द्वारा द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों और सुप्रीम कोर्ट द्वारा अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ बनाम भारत संघ के मामले में पारित निर्णय दिनांक 04.01.2024 के अनुरूप सेवारत एवं सेवानिवृत न्यायिक अधिकारियों एवं पारिवारिक पेंशनर्स को विभिन्न भत्तों व सेवा शर्तें स्वीकार की गई। जिनमें गृह निर्माण अग्रिम भत्ता, संतान शिक्षा भत्ता, उच्चतर अर्हता भत्ता, जटिल स्थान भत्ता, गृह अर्दली/घरेलू सहायता भत्ता, फिक्स्ड चिकित्सा भत्ता, प्रशासनिक कार्य के लिए विशेष वेतन, फर्नीचर एवं एयर कंडीशनर भत्ता, सत्कार भत्ता, स्थानांतरण अनुदान आदि अन्य भत्ते शामिल हैं। उक्त अधिकांश भत्ते 1 जनवरी, 2016 से दिये जायेंगे। अभी तक 13 राज्यों द्वारा उक्त आयोग की सिफारिशों को लागू किया जा चुका है।




### डॉ. शर्मा सम्मानित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** दूदू में आयोजित आरोग्य मेला 2024 में उपमुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री, जिला कलेक्टर एवं आयुर्वेद निदेशक के द्वारा आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रतिनिधि के रूप में प्रो. ब्रह्मानन्द शर्मा को सम्मानित किया गया।

# केक काटकर कर मनाया 14वां विश्व थांग ता दिवस



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बगड़।** स्पोर्ट्स जॉन एकेडमी में केक काटकर 14 वा विश्व थांग ता दिवस मनाया गया इस मौके पर राजस्थान थांग ता के संरक्षण उम्मेद सिंह शेखावत ने बताया कि थांग ता एक भारतीय प्राचीन मार्शल आर्ट्स है जो की मणिपुरी मार्शल आर्ट के नाम से जानी जाती है और थांग ता फेडरेशन आफ इंडिया के प्रेम कुमार, विनोद शर्मा, किरण कुमार और श्यामनन्दा की महन्त से ही थांग ता को खेलो इंडिया में जोड़ा गया है। थांग ता को ह्येन लाललोंग के नाम से भी जाना जाता था जिसका अर्थ है 'तलवार और भाले की कला'। विश्व में 20 से ज्यादा देशों में थांग ता खेल खेला जाता है थांग ता तलवार और ढाल से खेला जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार के स्पोर्ट्स मिनिस्टर अनुराग ठाकुर ने यह आदेश दिया है की खेलो इंडिया में मेडल जीतने वालों को केंद्र सरकार की सभी नौकरियों में विशेष छूट मिलेगी इस निर्णय से खिलाड़ियों का बहुत फायदा होगा । एकेडमी के संचालक और राजस्थान थांग ता के वाइस प्रेसिडेंट राकेश सैनी ने केक काट कर सभी का धन्यवाद दिया और कहा की खेल हमारे जीवन में बहुत जरूरी है खेल के बिना जीवन अधूरा है। थांग ता खेल को खेलो इंडिया, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिय, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया , वर्ल्ड मार्शल आर्ट यूनियन , एक भारत श्रेष्ठ भारत, फिट इंडिया, नेशनल एंटी ड्रॉपिंग एजेंसी, अदि से मान्यता प्रपात है। इस मौके पर राजस्थान थांग ता के कोषाध्यक्ष संजय सरण, सीनियर जॉइंट सेक्रेटरी कोमल कवर,जॉइंट सेक्रेटरी ब्रजराज सिंह उपस्थित थे।

### सैनी समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

# 13 जोड़े बने जीवनसाथी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अलवर।** शहर में सैनी समाज का सामूहिक विवाह समारोह आज शहर के प्याज मंडी में आयोजित हुआ जिसमे 13 जोड़ों का विवाह सम्मेलन हुआ। समिति के प्रवक्ता जितेंद्र ग्वाडियार ने बताया सैनी समाज समिति द्वारा 27 वा अखिल भारतीय समारोह विवाह आयोजित किया जा रहा है यह कार्यक्रम सुबह वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की उसके बाद यह तेरा दूल्हे की जोड़ी अलवर के अग्रसेन सर्किल प्याज मंडी पर पहुंची जहां पर इनका विवाह संपन्न हुआ उन्होंने बताया इस कार्यक्रम में भामाशाह दानदाता व शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 6 महीने पहले से ही शुरू होता है हम युवक युवती के परिचय सम्मेलन करते हैं और उनके डॉक्यूमेंट लेते हैं उन्होंने कहा कि इसमें पूरा खर्चा समिति के भामाशाह दानदाताओं और समिति के जो पदाधिकारी है वह पूरा खर्चा उठाते हैं और यहां पर बेड कूलर पंखा सिलाई मशीन बर्तन कई घर के सामान दिए जाते हैं साथ ही उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 27 सालों से लगातार चल रहा है और इसमें समिति का बड़ा योगदान है।

ANCHOR | शिलान्यास-लोकार्पण

# विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने मंगलवार को अलवर शहर में करीब 3 करोड रूपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर कहा कि अलवर शहर का चहुंमुखी विकास कराया जाएगा इसके लिए धन की कमी नहीं आएगी।

मंत्री शर्मा ने अलवर शहर में कालीमोरी फ्लाई ओवर से सौरव तेल मील के सामने होते हुए टाईगर कॉलोनी तक की सीसी सड़क का लोकार्पण किया व 32 लाख रूपये की लागत के मंशा माता मंदिर की ओर जाने वाली सुरंग का सौन्दर्यकरण कार्य व सीसी सड़क तथा 29 लाख रूपये की लागत से राजकीय



बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय देवीजी की गली में कक्षा कक्षों के रिनोवेशन कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने करीब 81 लाख रूपये की लागत से बहरोड रोड से तिजारा पुलिया तक, तिजारा पुलिया से डबल फाटक तक सडक इंटर लॉकिंग टाइल्स, कर्व स्टोन के कार्य व 40 लाख रूपये की लागत के प्लांटेशन कार्य तथा 70 लाख रूपये की लागत से 60 फुट रोड से प्रजापत भवन होते हुए गोरधन स्कूल तक सीसी रोड सडक का शिलान्यास किया।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालाखेडा गेट में रोटरी क्लब द्वारा तैयार कराई गई कम्प्यूटर लैब व पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने देवीजी की गली विद्यालय में बेटियों को साइकिल वितरित की तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने हेतु कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्रा को मजबूती प्रदान करने का निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कडी मेहनत व दृढ इच्छाशक्ति के माध्यम से जीवन में किसी भी मुकाम तक पहुंचा जा सकता है।

अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने हेतु मन लगाकर पढाई करें। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में भूगोल संकाय खोलने की मांग की गई जिसे मंत्रा श्री शर्मा ने शीघ्र पूरा कराने का विश्वास दिलाया। इस दौरान नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

